(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद,
बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महाराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

सोशल मीडिया स्टार
एंजल राय टू लव के...8



शनिवार, 14 अगस्त 2021 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 08 अंकः 239 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड— SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड—133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## भाजपा का बयान, राहुल सिर्फ ट्विटर पर सक्रिय थे, वहां से भी बाहर का रास्ता दिखा दिया गया

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राहुल गांधी के ट्विटर अकाउंट को नियमों के उल्लंघन के आरोप में अस्थायी रूप से बंद (लॉक) किये जाने को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर निशाना साधा और कहा कि यही वह एकमात्र जगह थी, जहां वह सक्रिय थे लेकिन उन्हें अब वहां से भी बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भाजपा सांसद व पार्टी की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने कहा कि राहुल गांधी को अपना ट्विटर अकाउंट बहाल करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नये सोशल मीडिया नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस है जिसने सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को ''सशक्त'' बनाने के लिए बनाए गए नए नियमों का विरोध किया था और सरकार पर हमले किए थे। सूर्या ने कहा कि एक बलात्कार पीड़िता के परिवार के सदस्यों की तस्वीर ट्वीट करने के बाद राहुल गांधी अभिव्यक्ति की आजादी के तर्क की आड़ नहीं ले सकते। दिल्ली में नौ साल की पीड़िता की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। उन्होंने जो किया वह ''असभ्य, अवैध और अमानवीय'' था। कानून परिवार का पता और विस्तृत जानकारी सहित बलात्कार पीड़िता की पहचान सार्वजनिक करने की इजाजत नहीं देता है। इसे ही मुद्दा बनाकर भाजपा राहुल गांधी को कटघरे में खड़ा कर रही है। हालांकि, कांग्रेस ने तर्क दिया है राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और भाजपा के एक सांसद ने भी



परिवार की तस्वीर साझा की थी। सूर्या ने कहा कि सवाल यह है कि राहुल गांधी ने पीड़िता की पहचान सार्वजनिक की है और कानून ऐसा करने की इजाजत नहीं देता। उन्होंने कहा, ''वह सिर्फ ट्विटर पर सक्रिय थे और अब उन्हें वहां से भी बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है।'' उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस को अपने अकाउंट बहाल करने के लिए मोदी सरकार द्वारा लाए गए नए नियमों का पालन करना चाहिए। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने कहा, ''डिजनी की दुनिया के राजकुमार राहुल गांधी को अपनी गंदी राजनीति के लिए पीड़िता की पहचान सार्वजनिक नहीं करनी चाहिए थी। उन्हें समझना चाहिए यह वास्तविक दुनिया है। डिजनी की दुनिया नहीं है।'' राहुल गांधी ने शुक्रवार को इस माइक्रोब्लॉगिंग मंच पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह अमेरिकी कंपनी पक्षपातपूर्ण है, यह भारत की राजनीतिक प्रक्रिया में दखल दे रही है तथा सरकार के कहे मुताबिक चल रही है। उन्होंने यह दावा भी किया कि ट्विटर की ओर से जो किया गया है, वह भारत के लोकतांत्रिक ढांचे पर हमला है। उल्लेखनीय है कि ट्विटर ने राहुल गांधी, कांग्रेस और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं के ट्विटर अकाउंट अस्थायी रूप से बंद कर दिये हैं। कुछ दिनों पहले ही दिल्ली में कथित दुष्कर्म एवं हत्या की पीड़िता नौ वर्षीय बच्ची के माता—पिता से मुलाकात की तस्वीर साझा करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का ट्विटर अकाउंट बंद किया गया था। दूसरी तरफ, ट्विटर ने कहा है कि उसने ये कदम नियमों के तहत उठाए हैं।

### आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम में बोले राजनाथ

## विविधता में एकता यही है भारत की विशेषता

नयी दिल्ली। दिल्ली के डीआरडीओ भवन में आजादी का अमृत महोत्सव से संबंधित रक्षा मंत्रालय के विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्रालय के द्वारा यह कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया हैं। इसमें सभी विभागों का सम्मिलित प्रयास है। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों को बधाई दी।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय चेतना और राष्ट्रीय स्वाभिमान की भावना मनुष्य के हृदय की सबसे बलवती भावना होती है। राष्ट्रीय स्वाभिमान को दुनिया की कोई ताकत चुनौती देती है तो उसका मुकाबला करने के लिए हमारे तीनों सेना के जवान तैयार हो जाते हैं और मुंहतोड़ जवाब देते हैं।

उन्होंने कहा कि विविधता में एकता भारत की यही विशेषता है। कार्यक्रमों में विविधता हो सकती है लेकिन लक्ष्यों में नहीं हो सकती है। कार्यक्रम हमारे लिए अलग—अलग हो सकते हैं। यही हमारे भारतीय संस्कृति की प्राण है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अमृत महोत्सव बनाने के पीछे स्वतंत्रता, स्वाभिमान, संप्रभुता, अखंडता, स्वावलंबन और अमरत्व की भावना है। यदि अमरत्व का कॉन्सेप्ट भारत में न होता तो मैं दावे के साथ कहता हूं कि हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित न होती। देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता भी सुरक्षित नहीं होती। इस बीच उन्होंने कैप्टन विक्रम बत्रा का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि 75 साल पहले हम आजादी के लिए संघर्ष कर रहे थे। आज आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। ये सौभाग्य का क्षण है। 75 साल पहले हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने आवश्यकता पड़ने पर पहाड़ों में शरण ली। आज हम उन्हीं पहाड़ों पर पर्वत अभियान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम शस्त्रों के सबसे बड़े आयातक जाने जाते थे। अब भारत शस्त्रों का नंबर एक आयातक नहीं रहा। भारत को हम आत्मनिर्भर बनाएंगे। इस दिशा में प्रयास चल रहे हैं। हम भारत को आयातक नहीं दुनिया का निर्यातक देश बनाना चाहते हैं।

इस बीच रक्षा मंत्री ने कहा कि अपने राष्ट्र के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने वाले अमर सपूतों को अपनी ओर से शीश झुकाकर नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि अपने सामने इतिहास बनते देखना सौभाग्य की बात होती है। इतिहास का हिस्सा बनना उससे भी बड़े सौभाग्य की बात होती है। पर हमारा यह परम सौभाग्य है, कि हम आजादी के 'अमृत—महोत्सव' रूपी इतिहास को न केवल बनते देख रहे हैं, बल्कि इसका हिस्सा भी बन रहे हैं।

## जाति आधारित जनगणना की मांग को लेकर तेजस्वी ने पीएम को लिखा पत्र

### कहा— मोदी जी ने किया नीतीश का अपमान

बिहार में जाति आधारित जनगणना की मांग को लेकर राजनीति तेज हो गई है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आज एक बार फिर से जाति आधारित जनगणना की मांग दोहराते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। तेजस्वी यादव ने साफ तौर पर कहा कि केंद्र को इस मुद्दे पर अपने स्टैंड पर पुनर्विचार करना चाहिए। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी ने जातिगत आधारित जनगणना को लेकर नीतीश कुमार की चिठ्ठी का जवाब नहीं दिया है। यह नीतीश कुमार का अपमान है। जबकि प्रधानमंत्री अलग—अलग राज्यों के मुख्यमंत्री और नेताओं से लगातार मुलाकात कर रहे हैं। आपको बता दें कि नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जाति आधारित जनगणना को लेकर एक बैठक करने का अनुरोध किया था। अपने पत्र में तेजस्वी यादव ने लिखा है कि जब तक जाति आधारित जनगणना नहीं होगी तब तक पिछड़ी, अति पिछड़ी जातियों के शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक स्थिति का ना तो आकलन हो सकेगा, ना ही उनकी बेहतरी व उत्थान संबंधित समुचित नीति निर्धारण हो पाएगा और ना ही उनकी संख्या के अनुपात में बजट का आवंटन आएगा। तेजस्वी ने पत्र में यह भी लिखा है कि वर्ष 2019 में तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने देश को वर्ष 2021 में जातीय जनगणना कराने का आश्वासन दिया था। शायद एक कारण यह भी है कि बिहार के बहुसंख्यक का आबादी ने राज्य की कुल 40 लोकसभा सीटों में से एनडीए को 40 सीटें जिताने का कार्य किया। तेजस्वी ने कहा कि जातिगत जनगणना को लेकर मुख्यमंत्री ने 4 तारीख को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री से समय मांगा है। आज लगभग 1 हफ्ते से ज्यादा हो चुका है लेकिन अब तक प्रधानमंत्री द्वारा हम लोगों को समय नहीं मिला। आज हमने भी प्रधानमंत्री को एक चिट्ठी लिखा है। हमने इसमें समय मिलने के लिए गुहार लगाया है। एक हफ्ते से अगर समय नहीं मिल रहा है तो कहीं न कहीं ये मुख्यमंत्री का अपमान है।



## आप पर भाजपा का प्रहार, केजरीवाल की राजनीति के दो आधार, झूठे वादे और भरपूर प्रचार

दिल्ली में भाजपा ने केजरीवाल सरकार पर जमकर हमला किया है। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल सिर्फ विज्ञापनों में व्यस्त हैं बाकि उन्हें जनता की कोई चिंता नहीं। इन सबके बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता और विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी भी केजरीवाल सरकार पर जमकर प्रहार कर रहे हैं। केजरीवाल सरकार पर प्रहार करते हुए दोनों नेताओं ने ट्वीट किया केजरीवाल जी की राजनीति के दो आधार, झूठे वादे पर भरपूर प्रचार। देश के हर एक नागरिक को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास है। नरेन्द्र मोदी की विकास की सोच और दूरदर्शी पारखी नजरों की देन है कि आज देश विकास के रास्ते पर जा रहा है। कोरोना महामारी में मोदी सरकार सिर्फ दिल्ली में ही नहीं बल्कि पूरे देश के 80 करोड़ कार्डधारियों को मुफ्त राशन देने के साथ—साथ पूरे देश को मुफ्त वैक्सीन देने का भी काम किया है।



## उत्तर प्रदेश में शराब पीने वाले लोगों की संख्या सबसे अधिक, दूसरे स्थान पर है पश्चिम बंगाल

कोलकाता। उत्तर प्रदेश के बाद शराब पीने वाले लोगों की संख्या के मामले में पश्चिम बंगाल दूसरे स्थान पर है। आर्थिक शोध एजेंसी इक्रियर तथा विधि परामर्शक कंपनी पीएलआर चौंबर्स के एक संयुक्त अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है। अध्ययन के अनुसार, पश्चिम बंगाल में करीब 14 करोड़ लोग ऐसे है, जो शराब पीते हैं। यह राज्य के तीन प्रमुख राजस्व कमाई वाले क्षेत्रों में है। अध्ययन में कहा गया है कि राज्य में मूल्य मॉडल में हाल में बदलाव किया गया है। इसे मुक्त बाजार से निचला एक्स—डिस्टिलरी मूल्य (ईडीपी) किया गया है। शराब पर करों में बढ़ोतरी हुई है जो उद्योग के लिए एक प्रमुख चिंता की वजह है। अध्ययन में कहा गया है कि खुदरा कीमतों में भारी बढ़ोतरी से राज्य में देश में बनी विदेशी शराब (आईएमएफएल) की बिक्री में उल्लेखनीय गिरावट आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गणना का तरीका हालांकि निचला ईडीपी है, लेकिन आबकारी शुल्क बढ़ा दिया गया है। मूल्य में बदलाव पर उपभोक्ताओं प्रतिक्रिया के लिहाज से इस मुद्दे की समीक्षा करने की जरूरत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत अल्कोहलिक पेय के मामले में दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता बाजार है। 2020 में इस बाजार का आकार 52.5 अरब डॉलर था। शराब के बाजार में 2020 से 2023 के दौरान सालाना 6.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। देश में 2015—16 से 2018—19 के दौरान शराब का उत्पादन करीब 23.8 प्रतिशत बढ़ा है। अध्ययन में कहा गया है कि क्षेत्र ने करीब 15 लाख लोगों को रोजगार दिया है। 2019 में इस क्षेत्र का बिक्री कारोबार 48.8 अरब डॉलर था।



## 15 अगस्त को लेकर हाई अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां, आतंकवादी हमले की आशंका

नयी दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर राजधानी दिल्ली से लेकर जम्मू—कश्मीर तक में आतंकवादियों को लेकर अलर्ट जारी है। इसी बीच दिल्ली के अफसरों ने उच्चस्तरीय बैठक की है। इसके अलावा राजधानी में तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है। दरअसल, जम्मू—कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों ने 2 आतंकवादियों को ढेर किया है। जिसके पास से एक—47, मैगजीन, आरपीजी—7 लॉन्चर और ग्रेनेड मिला है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) की तरफ से आतंकवादी घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि 6 लश्कर और 5 जैश के आतंकवादी भारत में घुसपैठ करने की फिराक में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 15 अगस्त के मौके पर आतंकी हमले की आशंका के बीच सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों ने पहले ही हथियार और आईईडी भारत में पहुंचा दिया है। कहा जा रहा है कि आतंकवादी इस बार आईईडी की नई तकनीकि का इस्तेमाल करने वाले हैं। इसी बीच जम्मू—कश्मीर के सोपोर में एसबीआई शाखा के पास सुरक्षाबलों को निशाना बनाया और ग्रेनेड हमला किया।







## पांच सदी बाद रामलला चांदी के झूले पर विराजमान

लखनऊ। प्रभु श्रीराम अपनी जन्मस्थली अयोध्या में कल बाल स्वरूप अवतार में करीब पांच सदी के बाद चांदी के झूला पर विराजमान हो गए। राम जन्मभूमि परिसर में लम्बे समय से अस्थाई गर्भ ग्रह में विराजमान रामलला को गत दिवस नवनिर्मित रजत हिंडोले पर आसीन कराया गया। रामलला रक्षाबंधन तक इसी चांदी के हिंडोले पर विराजमान रहेंगे और उन्हें झूला झुलाया जाएगा। श्रीराम तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या में रामलला के लिए चांदी का झूला तैयार कराया था। सावन शुक्ल पंचमी तिथि के हिसाब से शुक्रवार को वैकल्पिक गर्भगृह में उनका झूला पड़ गया। जिस पर रामलला सहित चारों भाइयों का विग्रह स्थापित कर झुलाया जा रहा है। रामलला का झूलनोत्सव 22 अगस्त तक चलेगा। रामलला को पहले से ही प्रत्येक वर्ष सावन शुक्ल पक्ष की पंचमी से लेकर पूर्णिमा तक झूले पर झुलाया जाता रहा है, किंतु वह झूला लकड़ी का था। इस बार रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रामलला की गरिमा के अनुरूप चांदी का झूला तैयार कराया है। रामलला के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्रदास के अनुसार विशेष पूजन के बाद रामलला सहित चारों भाइयों के विग्रह को झूले पर स्थापित किया गया। सनातन उपासना परंपरा और शास्त्रों के मर्मज्ञ जगद्गुरु रामानुजाचार्य डॉ. राघवाचार्य के अनुसार यह रामलला के गौरव की वापसी ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतीयता के गौरव की प्रतिष्ठा का क्षण है, वह इसलिए कि आराध्य की प्रतिष्ठा के साथ समाज और देश की प्रतिष्ठा सुनिश्चित होती है। अयोध्या में करीब 493 वर्ष पहले भव्यता—दिव्यता का पर्याय राम मंदिर तोड़े जाने के बाद से ही रामलला की सेवा—पूजा उपेक्षित रही है। नौ नवंबर 2019 को सुप्रीम फैसला आने के साथ रामलला को टेंट के अस्थाई मंदिर से बाहर करने का प्रयास शुरू कर दिया गया। अब यहां न केवल भव्य मंदिर निर्माण की प्रक्रिया निरंतर आगे बढ़ रही है, बल्कि रामलला के दरबार में वह सारे उत्सव होने लगे हैं।



## पंजाब के पॉश इलाके से बरामद हुआ हैंड ग्रेनेड, बम निरोधक दस्ते ने किया डिफ्यूज



अमृतसर। स्वतंत्रता दिवस से पहले पंजाब के अमृतसर में एक हैंड ग्रेनेड बरामद हुआ है। बता दें कि अमृतसर के पॉश इलाके में एक हैंड ग्रेनेड मिला है। जिसे बम निरोधक दस्ते ने डिफ्यूज कर दिया है। फिलहाल पंजाब पुलिस छानबीन कर रही है कि आखिर हैंड ग्रेनेड कहां से आया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान से सटे हुए इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद कर दिया गया है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक अमृतसर के रिहायशी इलाके रंजीत एवेन्यू में एक घर के बाहर हैंड ग्रेनेड मिला है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान लगातार पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में नशा और हथियार भेजने की कोशिश करता रहा है। पिछले साल भी ऐसा ही एक वाक्या हुआ था। हालांकि सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया गया है।

# यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा में 161 रहे अनुपस्थित

## केंद्रों की व्यवस्था व परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे कुलपति व कुलसचिव

अयोध्या। उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक प्रवेश परीक्षा (यूपी–कैटेट) सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा प्रदेश में स्थित चार कृषि विश्वविद्यालय क्रमशः आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या ,चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर ,बांदा कृषि विश्वविद्यालय बांदा एवं सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ में कृषि, पशुपालन, मात्स्कीय, गृह विज्ञान एवं कृषि अभियांत्रिकी समेत स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिए जाने हेतु बृहस्पतिवार दिनांक 12 – 8 – 2021 को प्रवेश परीक्षा आयोजित हुआ। यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा हेतु अयोध्या के चार परीक्षा केंद्रों पर क्रमशः पंडित माता प्रसाद त्रिपाठी राजकरण वैदिक पाठशाला इंटर कॉलेज अयोध्या, राजकीय इंटर कॉलेज अयोध्या, आदर्श इंटर कॉलेज अयोध्या एवं मेथोडोलोजिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज अयोध्या पर आयोजित की गई ।राजकरण इंटर कॉलेज में 500 छात्रों के सापेक्ष 449 छात्र उपस्थित एवं 51 अनुपस्थित, राजकीय इंटर कॉलेज में 508 के सापेक्ष 439 उपस्थित एवं 69 अनुपस्थित, आदर्श इंटर कॉलेज में 400 के सापेक्ष 377 उपस्थित एवं 23 अनुपस्थित तथा मेथोडोलोजिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज में 296 के सापेक्ष 278 उपस्थित एवं 18 छात्र अनुपस्थित थे । फैजाबाद स्थित समस्त चार परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित 1704 परीक्षार्थियों में 1543 छात्र उपस्थित रहे एवं कुल 161 छात्र अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने हेतु एक फ्लाइंग स्क्वाड जिसमें विश्वविद्यालय के डॉ ओ पी राव, डॉ संजय पाठक, एवं उप कुलसचिव डॉ डी के द्विवेदी एवं प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सहायक परीक्षा अधीक्षक क्रमशः डॉ नवीन कुमार, डॉ रुमा देवी, डॉ पंकज चौधरी एवं डॉ मुकेश कुमार की नियुक्ति की गई थी । परीक्षा निपटने तक व्यवस्थाओं की समीक्षा, केंद्रों की व्यवस्था एवं निष्पक्ष परीक्षा कराए जाने हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह, कुलसचिव डॉ आर के मेहता के साथ प्रातः काल से प्रत्येक परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। सकुशल परीक्षा संपन्न कराने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सिंह ने प्रशंसा करते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

# चंद्रकेश रावत बनाए गए भाजपा अनुसूचित मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष

## कार्यकर्ताओं ने जतायी खुशी, किया स्वागत

मिल्कीपुर–अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के गड़ौली निवासी चंद्रकेश रावत को अनुसूचित मोर्चा का प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाए जाने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। यह जानकारी देते हुए भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अजीत प्रताप सिंह उर्फ राहुल सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया द्वारा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी गई है जिसमें मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले विधानसभा के प्रबल दावेदार चंद्रकेश रावत को अनुसूचित मोर्चा संगठन में प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उनके प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा किए जाने की सूचना मिलते ही मिल्कीपुर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके समर्थक कार्यकर्ताओं ने जगह–जगह परस्पर मिठाइयां बांटी और गोले पटाखे दाग कर खुशियां मनाई। बताते चलें कि अभी चंद सिंह पूर्व संपन्न हुए ब्लाक प्रमुख चुनाव में अमानीगंज ब्लाक प्रमुख का चुनाव चंद्रकेश रावत की पत्नी शोभा रावत ही भाजपा की बागी उम्मीदवार रही जो मात्र कुछ ही मतों से पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी से चुनाव हार गई थी। भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अजीत प्रताप सिंह उर्फ राहुल सिंह ने बताया कि चंद्रकेश रावत मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे उन्होंने पूरी तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा अनुसूचित मोर्चा का प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोनीत किए जाने के बाद नवनियुक्त कोषाध्यक्ष श्री रावत ने पार्टी के अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया से मुलाकात कर उनका स्वागत अभिनंदन करते हुए आशीर्वाद लिया।

# नंगे पैर कीचड़ में घुस कर हाथ मे जूता लेकर

गोंडा । सड़क निर्माण में अनियमितता की शिकायत की जांच करने गए एसडीएम न्यायिक कुलदीप सिंह बरसात हो जाने के कारण खुद कीचड़ में फंस गए । उन्होंने पैट चढ़ाया और जूता हाथ में लेकर करीब एक किलोमीटर तक कीचड़ में चलकर सड़क निर्माण की बारीकी से हकीकत परखी,वहां के ग्रामीण, यह नजारा देखकर यह कहते नजर आए यदि ऐसे सभी अधिकारी हो जाए तो व्यवस्था स्वयं सुधर जाएगी । एसडीएम साहब का जूता हाथ में लिए यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है ।सोशल मीडिया पर एसडीएम का वीडियो वायरल होने के बाद लोग प्रशंसा करते थक नही रहे है। प्रकरण इटियाथोक विकासखंड के लोहशीशा गांव के ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़क में अनियमितता बरते जाने की शिकायत की थी । जिला अधिकारी ने प्रकरण मे जांच के लिए तीन सदस्य टीम का गठन कर जांच के आदेश दिए थे । इसमें एसडीएम सदर तथा ग्रामीण अभियंत्रण सेवा व लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शामिल थे । जब यह टीम सड़क की जांच करने पहुंची तो बारिश होने लगी । करीब एक किलोमीटर सड़क पर सिर्फ मिट्टी पटाई का कार्य संपन्न हुआ था ।

बरसात हो जाने के कारण सड़क पर भीषण कीचड़ हो गया । बारिश के कारण लौटते समय एसडीएम कीचड़ में फंस गए । इस संबंध में एसडीएम सदर कुलदीप सिंह ने बताया कि सड़क की जांच के लिए जिलाधिकारी द्वारा टास्क फोर्स का गठन किया गया था । उसी प्रकरण में जांच करने गए थे । यह एक करोड़ 39 लाख का प्रोजेक्ट है ।

# "एक गांव एक तिरंगा" के नाम से होगा ध्वजारोहण : अंकुर गुप्ता

## एबीवीपी जिले के 75 गांवों में ध्वजारोहरण कार्यक्रम का करेगी आयोजन

रूदौली–अयोध्या। आगामी स्वतंत्रता दिवस को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रूदौली नगर पालिका सभागार में प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में जिला संगठन मंत्री अंकुर गुप्ता ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो सदैव छात्र हित के लिए संघर्ष करता रहता है विद्यार्थी परिषद का उद्देश्य राष्ट्र का पुनर्निर्माण करना है उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर विद्यार्थी परिषद अयोध्या जिले में 75 गांव में "एक गांव एक तिरंगा" के नाम से ध्वजारोहण का कार्यक्रम करेगी एवं उस कार्यक्रम में उस गांव के समाजसेवी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अथवा शिवकार्य व्यक्ति को विद्यार्थी परिषद मंच प्रदान करेगी एवं एलसीडी के माध्यम से गांव गांव में आजादी के संघर्ष की छोटी फिल्म बनवा कर गांव–गांव में रथ चलाएगी। जिला संयोजक शिवम मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अयोध्या जिले में 18 स्थानों पर इकाई 5 स्थानों पर संपर्क केंद्र एवं 85 स्थानों पर विस्तार केंद्र बनाएगी वही 110 इंटर कॉलेज में 20 डिग्री कॉलेज में एवं एक विश्वविद्यालय में कार्यकारिणी का गठन करेगी।रुदौली तहसील संयोजक ऋषभ गुप्ता ने कहा कि रुदौली तहसील में 4 इकाई पर बाबा बाजार, मवई ,सुजागंज, रुदौली नगर में 40 स्थानों पर ध्वजारोहण प्रस्तुत करेगी और वहीं आगामी कार्यक्रमों में 15000 सदस्य बनाकर संगठन को और मजबूत करेगी। नगर सह मंत्री अंकिता चौरसिया ने बताया कि विद्यार्थी परिषद ने पूरे देश में रितु मती अभियान चलाने का फैसला किया है इसके माध्यम से महिलाओं में मासिक धर्म से होने वाली समस्याओं को लेकर अयोध्या जिला के कार्यकर्ताओं ने 2000 सेनेटरी पैड वितरण करने का लक्ष्य लिया है ।इसकी शुरुआत 2 अक्टूबर से होगी।इस मौके पर नगर उपाध्यक्ष जिया लाल लोधी , नगर सह मंत्री रचित यज्ञ सैनी, खेल आयाम प्रमुख प्रशांत श्रीवास्तव, आदर्श पांडे ,कमलेश विश्वकर्मा, विश्वास शुक्ला, विपिन कौशल आदि लोग मौजूद रहे।

# दो अलग अलग प्रकरणों में 24 घण्टे में एक उप निरीक्षक,एक टीएसआई दो सिपाही लाइन हाजिर

गोण्डा। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र मे एक मृतका का शव परिजनों द्वारा शव ठेलिया से सड़क तक लाने के संबंध में पुलिस अधीक्षक गोंडा द्वारा विस्तृत जांच कराई गई जांचोपरांत उप निरीक्षक सुनील सिंह व आरक्षी बिंद्रेश कुमार को दोषी पाए जाने पर लाइन हाजिर कर दिया गया है। वहीं कोतवाली नगर क्षेत्र में आठ अगस्त को एक पीआरडी जवान द्वारा ठेले वाले से अभद्रता करने एवं ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त न रखने में लापरवाही बरतने पर ट्रैफिक के एक उ0नि0 एवं एक आरक्षी को तत्काल प्रभाव से पुलिस अधीक्षक ने लाइन हाजिर कर, पीआरडी जवान के विरुद्ध विभाग को कार्यवाई के लिय रिपोर्ट प्रेषित की गई है।

# विधायक व जिलाधिकारी ने नव चयनित 13 शिक्षकों को वितरित किये नियुक्तिपत्र

गोण्डा ।गुरूवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव चयनित प्रवक्ताओं एवं सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। वहीं जनपद स्तर पर एनआईसी में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के प्रसारण के उपरान्त जनपद से चयनित 13 शिक्षकों को विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह, विधायक मेहनौन विनय द्विवेदी तथा विधायक गौरा प्रभात वर्मा एवं जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।

# गुरुकुल विद्यापीठ में कला वीथिका का हुआ शुभारंभ

## गुरुकुल में पढ़ाई जाने वाली 64 विद्याओं में ललित कला का अपना स्थानः डॉ. दिलीप सिंह

अयोध्या। गुरु वशिष्ट गुरु विद्यापीठ में प्रारंभ हुई कला वीथिका की कक्षाएं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ उद्घाटन अयोध्या 12 अगस्त नगर के वरिष्ठ समाजसेवी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता जाने–माने वकील स्व. समर बहादुर सिंह की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पारिवारिक सदस्यों के सौजन्य से श्री गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ में कला वीथिका का शुभारंभ गुरुकुल के कोश प्रमुख एवं डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पुस्तकालय विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आरके सिंह द्वारा ओम स्वास्तिक की पेंटिंग बनाकर किया गया। उक्त कार्यक्रम स्वर्गीय समरबहादुर सिंह की बड़ी बेटी डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट विभाग की अतिथि प्रवक्ता सरिता सिंह के सौजन्य से आयोजित किया गया था अपने उद्बोधन में डॉक्टर सरिता सिंह ने कहा कि मेरे पिता के जीवन का उद्देश्य और एकमात्र मूल मंत्र सेवा जीवन का सर्वोत्तम प्रयास के भाव को जीवंत करते हुए गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ में कला वीथिका कक्षा का शुभारंभ किया गया है गुरुकुल के विद्यार्थियों को ललित कला से जोड़ते हुए तथा उनके भावों को अभिव्यक्ति करने के लिए कला के माध्यम को प्रयोग में लाते हुए एक नई विधा उनको सिखाने का प्रयास किया जाएगा, कक्षाओं का शुभारंभ गुरुकुल के विद्यार्थियों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ, गुरुकुल के निदेशक डॉ दिलीप सिंह ने बताया की गुरुकुल में पढ़ाई जाने वाली 64 विद्याओं में ललित कला का अपना स्थान है, गुरुकुल में आधुनिक विषय सहित ज्योतिष शास्त्र न्याय शास्त्र, यजुर्वेद, अथर्ववेद, संस्कृत, कंप्यूटर की कक्षाओं का विधिवत संचालन हो रहा है, कला वीथिका के सहयोग के लिए राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग का सहयोग सराहनीय है, गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ के संस्थापक संरक्षक श्री राम वल्लभा कुंज के अधिकारी राजकुमार दास संस्थापक अध्यक्ष पूर्व कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने उक्त कक्षाओं के संचालन के लिए ललित कला के अतिथि प्रवक्ता सरिता सिंह की सराहना की और कहा कि पिता के पद चिन्हों पर बेटियों का चलना समाज को नई दिशा देगा, इस अवसर पर गुरुकुल के प्रबंधक आदर्श सिंह ऋषभ, निदेशक डॉ दिलीप सिंह, स्वर्गीय समर बहादुर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती उषा सिंह, इंजीनियर रोहित कुमार, विशाल सिंह, श्रीमती पूजा, निधि सिंह, रुचि सिंह, सौम्या सिंह, निहारिका सिंह, और आर्याही सिंह, सहित सहित स्वर्गीय सिंह के पारिवारिक सदस्य एवं शुभचिंतक गुरुकुल परिवार से जुड़े सदस्य उपस्थित थे

# भाजपा सरकार ने पंचायत प्रतिनिधियों का छीना अधिकार व सम्मानः अनूप सिंह

## सपा नेता ने सोहावल ब्लाक के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों का किया सम्मान

अयोध्या। सोहावल ब्लाक के पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह सपा के वरिष्ठ नेता राघवेन्द्र प्रताप सिंह (अनूप) की अगुवाई में किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता सोहावल ब्लाक के प्रधान संघ के संरक्षक श्री निवास तिवारी व वरिष्ठ प्रधान सहदेव यादव ने संयुक्त रूप से किया कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अनूप सिह ने कहा कि वर्तमान सरकार ने पंचायत प्रतिनिधियों का अधिकार व सम्मान छीना है वर्तमान सरकार ने प्रधान व पंचायत प्रतिनिधि सिर्फ मेट बन कर रह गया जबकि संविधान मे प्रधानों को सरकार का दर्जा प्राप्त है 2022 में प्रदेश में माननीय अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनते ही प्रधानो व पंचायत प्रतिनिधियो को हक व सम्मान दिलाया जाएगा समाजवादी पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यो की पार्टी है वो चुने हुए जन प्रतिनिधियों का सम्मान करना अपना कर्तव्य समझती है उन्होनें भारी बारिश होने के बावजूद भारी संख्या में उपस्थित सदस्य जिला पंचायतो, प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यो का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया, कार्यक्रम को प्रमुख रूप से श्री निवास तिवारी, रेनु रावत, राकेश वर्मा, दीपक सिंह, विकास वर्मा, बाबा रामदीन यादव, राम उजागिर यादव आदि ने सम्बोधित किया, कार्यक्रम में सदस्य जिला पंचायत रेनू रावत, सोनाली रावत, सदस्य जिला पंचायत प्रतिनिधि जयभान सिंह, मो0 वसीम, अमन सिंह, अमन मौर्या, रघुवंश मणि पाण्डेय, शेखर सिंह, सोनू सिंह, एवान खान, राम वचन यादव, नदीम, अमन, देवनाथ, विनय सिंह, अखिलेश कुमार, लल्लू राम, शमसुद्दीन, छोटू यादव, लक्ष्मी, गायत्री देवी, विश्वनाथ रावत, शुभेन्द्र प्रताप सिंह, रूबील अहमद खान, रेनू, रामू चौहान, राजेश कुमार, हसमुनबानो, राम किशोर, सुरेश कुमार, अन्गद सिंह, अरून यादव, रिजवान अहमद, मो0 तौफीक, बाल किशन, नूरैन अहमद, मो0 शरीफ, सचिन वर्मा, मुकेश कुमार, मीना दूबे, घनश्याम, निलम सिंह, कल्लू जायसवाल, मकसूद रजा सहित भारी संख्या में प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहें कार्यक्रम में सपा नेता राघवेन्द्र प्रताप सिंह अनूप ने बसपा के डा0 राम सुमेर भारती व उनके दर्जनो साथियो को सपा का झण्डा थमाकर पार्टी में सामिल कराया।

# गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें अपना ई-मतदाता फोटो पहचान पत्र- उपजिला निर्वाचन अधिकारी

गोण्डा। उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि विधानसभा मतदाता सूची में निरन्तर पुनरीक्षण अवधि 15 जनवरी 21 से जिन मतदाताओं द्वारा नाम बढ़ाये जाने हेतु अपना यूनिक मोबाईल नम्बर से भारत निर्वाचन आयोग के छटैच च्वतजंस के माध्यम से पंजीकृत कराते हुए आवेदन व्दसपदम किया गया है, वे मतदाता टवजमत भ्मसच स्पदम ड़वइपसम ।चच अपने मोबाईल फोन के च्संल ैजवतम से डाउनलोड कर अपना–अपना ई–मतदाता फोटो पहचान पत्र (म–म्च्ब्) डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने कहा है कि डाउनलोडिंग कार्य में कोई समस्या आ रही है तो विशेष कैम्प दिवस दिनांक 14 अगस्त (द्वितीय शनिवार) को अपने नजदीकी मतदेय स्थल में पूर्वान्ह 11 बजे उपस्थित होकर बूथ लेविल आफिसरध्लेखपाल से संपर्क कर डाउनलोडिंग की कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

# ग्यारह, बारह व अन्य दशमोत्तर कक्षाओं से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन की अन्तिम तिथि 18 अगस्त

गोण्डा ।जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि वित्तीय वर्ष ध् शैक्षिक सत्र 2021–22 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत कक्षा – 11–12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने. सत्यापन , लॉक करने हेतु संशोधित समय – सारिणी निर्गत करते हुए संशोधित अन्तिम तिथि 18 अगस्त 2021 तक निर्धारित कर दी गयी है जो पूर्व में 10 अगस्त 2021 थी। उन्होंने बताया है कि जनपद में स्थित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्धारित अन्तिम तिथि 18 अगस्त 2021 तक छात्रवृत्ति मास्टर डाटा विषयक कार्यवाही पूर्ण करते हुए सम्बन्धित प्रपत्र की हार्डकापी एवं सीट ध् फीस के सम्बन्ध में शासकीय पत्र की प्रति सहित कक्षा – 11–12 तक के शिक्षण संस्थान कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक गोण्डा में जमा करने तथा उच्च शिक्षण संस्थान ध् महाविद्यालय ध् आई0 टी0 आई0 कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी गोण्डा में निर्धारित तिथि जमा करना सुनिश्चित करें।

# सपा महिला सभा की पदाधिकारियों को सौंपा गया नियुक्तिपत्र

## चुनाव में महिलाओं की अहम जिम्मेदारी, अभी से करें घर–घर संपर्कः गंगा यादव

अयोध्या। समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव ने महिला सभा में नवनियुक्त पदाधिकारियों को सपा जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव से नियुक्त पत्र दिलाया पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी पर आयोजित कार्यक्रम में श्री यादव ने कहा कि 2022 के चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना है इसलिए महिलाओं की अहम जिम्मेदारी है की अभी से ही महिलाएं घर–घर संपर्क करें और समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाएं श्री यादव ने कहा सपा सरकार में कन्या विद्याधन लैपटॉप बेरोजगारी भत्ता गरीब महिलाओं को पेंशन सहित तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं को चलाया था जो मौजूदा भाजपा सरकार ने सभी योजनाओं को बंद कर दिया है श्री यादव ने कहा भाजपा सरकार में महंगाई इस कदर बढ़ गई है कि महिलाओं को घर चलाना मुश्किल हो गया है प्रदेश की आम जनता अखिलेश यादव को आशा भरी निगाहों से देख रही है 2022 में सपा की सरकार बनना तय है महिला सभा जिला अध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव ने कहा महिलाओं का सम्मान जितना समाजवादी पार्टी में है उतना किसी दल में नहीं है इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महासचिव बख्तियार खान जिला उपाध्यक्ष बाबूराम गौड़ प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव वरिष्ठ नेता छोटे लाल यादव ओपी पासवान महानगर महिला सभा अध्यक्ष सरोज यादव आदि रहे। सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि समाजवादी महिला सभा द्वारा घोषित कमेटी जिला उपाध्यक्ष श्रीमती किरण सिंह श्रीमती राजकुमारी कोरी श्रीमती राजकुमारी वर्मा श्रीमती पूनम सिंह श्रीमती अंजू चौधरी जिला महासचिव श्रीमती विमला देवी निषाद, जिला कोषाध्यक्ष श्रीमती मिथलेश श्रीवास्तव, जिला सचिव श्रीमती शोभा वर्मा श्रीमती रेखा रानी सिंह श्रीमती असिता श्रीवास्तव श्रीमती निशा देवी श्रीमती रीता सिंह श्रीमती उर्मिला तिवारी श्रीमती रीता निषाद श्रीमती यशोमती कोरी श्रीमती सबीना खातून श्रीमती सीमा मौर्या श्रीमती गायत्री श्रीमती ज्ञान देवी विधानसभा अध्यक्ष बीकापुर श्रीमती पुष्पा रावत विधान सभा अध्यक्ष अयोध्या श्रीमती पार्वती विधानसभा अध्यक्ष गोसाईगंज श्रीमती उर्मिला गौड विधानसभा अध्यक्ष रुदौली अर्चना रावत विधानसभा अध्यक्ष मिल्कीपुर सुनीता कोरी जिला कार्यसमिति सदस्य श्रीमती संतोष शर्मा श्रीमती सोनी खान श्रीमती नीतू श्रीमती कांति यादव श्रीमती सुरसती चौहान श्रीमती रीता चौहान श्रीमती रीना चौहान श्रीमती चांदनी श्रीमती जनक लली यादव श्रीमती लक्ष्मी देवी श्रीमती तौसीफ जहां श्रीमती गुड़िया ।

# आजादी के संग्राम मे मुखविरी औंर गद्दारी करने वालों का जालाया जायेगा पुतला

अयोध्या। अशफाकउल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजादी के संग्राम मे मुखविरी औंर गद्दारी करने वालों का पुतला जलाएगा।संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने बताया कि प्रति वर्ष यह आयोजन गुलाबबाड़ी उद्यान गेट से चौक तक जुलूस निकाल कर पुतला दहन किया जाता था, कोरोना प्रोटोकॉल के कारण जूलूस का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

श्री पाण्डेय के अनुसार गद्दारों, मुखविरों का पुतला जनपद के विभिन्न स्थानों पर अलग अलग दहन किया जाएगा।पांच से कम व्यक्ति एकत्र होकर अपने अपने चौराहों पर पुतला दहन को संपन्न करेंगे।पुतला दहन के दरम्यान" मुखविर हैं गद्दार हैं, शहीदों का गुनहगार हैं"का नारा लगाया जाएगा।इस परम्परा का प्रारंभ दशहरा औंर होली के तर्ज पर किया जाता हैं।

# सब्जी व गल्ला मंडी में भारी बरसात के चलते जलभराव

करनैलगंज(गोंडा)। करनैलगंज की सब्जी व गल्ला मंडी में भारी बरसात के चलते जलभराव हो गया और पानी निकास की व्यवस्था ना होने के कारण व्यापारियों की दुकान में पानी भर गया। जिससे .व्यापारियों का व्यापार के चौपट रहा। व्यापारियों ने बताया कि मंडी में अव्यवस्था के चलते व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। थोड़ी सी बरसात होने पर पूरे मंडी में जलभराव हो जाता है और व्यापारियों की दुकानों में पानी भर जाता है। जिससे उसमें रखा सामान भीग कर खराब हो जाता है। उसका नुकसान व्यापारियों को उठाना पड़ता है। साथ ही साथ बरसात के दिनों में पूरी तरह व्यापार भी प्रभावित होता है। व्यापारियों ने मंडी परिसर में जल निकासी की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

# खंड शिक्षा अधिकारी झंझरी के अध्यक्षता में बैठक संपन्न

गोण्डा। । खंड शिक्षा अधिकारी झंझरी की अध्यक्षता में बीआरसी कार्यालय में बैठक हुई संपन्न जिसमें अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गई। खंड शिक्षा अधिकारी रामखेलावन सिंह ने कहा कि शिक्षक संकुल द्वारा नये प्रयोग टी एल एम गतिविधियां कविता कहानी वर्ष सीड पर कार्य करें ब्लाक स्तर पर बिषय वार शिक्षकों की कूर कमेटी गठित कर अधिक से अधिक अभिभावकों से संपर्क करें तथा सभी शिक्षक डायरी बनाए तथा दस उत्कृष्ट विद्यालय की सूची चमन करें। ऐसे विद्यालय का चयन करें जहां अतिरिक्त प्रयास प्रोत्साहन एवं शैक्षिक सपोर्ट की आवश्यकता हो ई पाठशाला मोहल्ला क्लास प्रेरणा साथी पर विशेष ध्यान दें। दीक्षा ऐप प्रेरणा लक्ष्य तथा रीड अलागं एप डाउनलोड करें।

# जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जिला स्वास्थ्य समिति (डी0एच0एस0) एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में एवं मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संदीप चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 नीना वर्मा की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा ने समस्त एम0ओ0आइ0सी0 को गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर रजिस्ट्रेशन कराने, उनका समय–समय पर टीकाकरण कराने तथा सुरक्षित प्रसव कराने के साथ पोर्टल पर फीडिंग कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने समस्त एम0ओ0आई0सी0 को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित कर ले कि



सभी का प्रसव अस्पताल में ही हो तथा उसकी शत–प्रतिशत फीडिंग कराये जाने का भी निर्देश दिया गया। इसके साथ ही प्रसव पश्चात दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि लाभार्थी के खाते में समय से प्रेषित करे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आयुष्मान भारत योजना अन्तर्गत कैम्प लगाकर गोल्डेन कार्ड बनवाने एवं लाभार्थियों को चिकित्सा सुविधा का लाभ दिलाने तथा कुपोषित बच्चो को एन0आर0सी0 में भर्ती कराने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा परिवार नियोजन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, टीकाकरण अभियान, पी0सी0पी0एन0डी0टी0, रोगी कल्याण समिति, अनटाइड फन्ड, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, जननी सुरक्षा योजना आदि की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि प्राथमिकध्सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जो भी कमियां हो उसको समय से ठीक करा लें । आशा कार्यकत्रियो के मानदेय का समय से भुगतान करने का निर्देश दिया साथ ही आशा कार्यकत्रियो के मानदेय का भुगतान जिस पटल पर लम्बित रहेगा उसका वेतन रोकने के साथ विभागीय कार्यवाही भी की जायेगी।इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 डी0के0चौधरी व समस्त एम0ओ0आईसी0 आदि उपस्थित थे।

# आयोग के समक्ष अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों के मुख्यतः प्रकरण पुलिस एवं राजस्व से:राम बाबू हरीश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर । उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग के अध्यक्ष राम बाबू हरीश एवंसांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, उपाध्यक्ष राम नरेश पासवान तथा सदस्या श्रीमती अनीता सिद्धार्थ, जिलाध्यक्ष भाजपा गोविन्द माधव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेन्द्र सिंह, जिला महामंत्री कन्हैया पासवान, जिला मंत्री फतेबहादुर सिंह की उपस्थिति में लोक निर्माण विभाग, रेस्ट हाउस में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। अध्यक्ष, अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग राम बाबू हरीश ने मीडिया प्रेस प्रतिनिधयों को जानकारी देते हुये बताया कि आयोग के समक्ष अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों के जो प्रकरण आते हैं वह मुख्यतः पुलिस एवं राजस्व से सम्बंधित होते हैं इसके अतिरिक्त आयोग के समक्ष विभागीय एवं उत्पीड़न के



मामलों में दी जाने वाली आर्थिक सहायता से सम्बंधित मामले आते हैं। आयोग कुछ मामलों में जैसे समाचार पत्रों, इलेक्ट्रानिक मीडिया में आयी खबरों का स्वतः संज्ञान लेकर मामलों का नियमानुसार निस्तारण करने का प्रयास किया जाता है। मैने आयोग में अध्यक्ष के पद पर दिनांक 18.06.2021 को कार्यभार ग्रहण किया, उस समय आयोग में सुनवाई हेतु 342 मामले लम्बित थे। जिनमें पुलिस विभाग के 280, राजस्व विभाग के 40 व अन्य विभाग के 22 मामले लम्बित थे। दो माह से भी कम कार्यकाल में कुल 801 प्रार्थना पत्र आयोग में प्राप्त हुये जिनमें से 440 मामलों से सम्बन्धित विभागों को अपने स्तर से निस्तारण हेतु भेजे गये 361 मामलों में सम्बंधित विभागों से आख्याऐं मंगाकर आयोग द्वारा निस्तारण किया गया। अनुसूचित जाति और जनजाति के व्यक्तियों को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता को सक्षम प्राधिकारियों द्वारा समय से नहीं प्रदान करायी जाती है। मैने आर्थिक सहायता से सम्बंधित मामलों का गम्भीरतापूर्वक संज्ञान लेकर उनका त्वरित निस्तारण कराया गया जिसके फलस्वरूप 06 प्रकरणों का निस्तारण करते हुये पीड़ित परिवार को रू0 975000.00 की धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में आयोग के हस्तक्षेप से उपलब्ध करायी गयी। इससे पीड़ित व उसके परिवार के सदस्यों को आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ और वे पुनर्वास की प्रक्रिया में शामिल हुये।

# एस0ओ0जी0 टीम नें मुठभेड में 05 अन्तर्राष्ट्रीय वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

## आरक्षी अवनीश सिंह बाएं हाथ में फायर आर्म की चोट लगने से घायल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। एस0ओ0जी0 टीम नें मुठभेड में 05 अन्तर्राष्ट्रीय वाहन चोरों को 10 मोटरसाइकिल 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस व 01 खोखा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया । डा0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु तीन स्कीम (अभियान) चलाया जा रहा है आज दिनांक 13–08–2021 को सुरेश चन्द्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण व राणा महेन्द्र प्रताप सिंह क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व एस0ओ0जी0 टीम जो संदिग्ध व्यक्तिध्वाहनों की चेकिंग जमुआर नाले के पास कर रहे थे कि तभी तीन मोटरसाइकिल सामने से आती हुई दिखाई दि जिसे





एस0ओ0जी0 टीम द्वारा उन्हें रोकने का प्रयास किया तो पुलिस टीम को देख भागने लगें । उक्त तीन मोटरसाइकिल पर सवार 04 अभियुक्तों को पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर पकड़ लिया गया । अभियुक्तों ने अपना नाम 1)संजय कुमार उर्फ दिनेश पुत्र बाल गोविंद पाल निवासी पिपरी थाना चंद्रौटा जिला कपिलवस्तु नेपाल राष्ट्र ।02)– असगर अली पुत्र मोहम्मद अली निवासी जियाभारा थाना बहादुरगंज जनपद कपिलवस्तु नेपाल राष्ट्र ।03)– अटल उर्फ मुन्ना कहार पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम रमवापुर थाना महाराजगंज तराई जनपद बलरामपुर,4)सचिन चौहान पुत्र रामदयाल चौहान निवासी विजयनगर थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर बताया। ।पूछताछ में पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियुक्तों से भागने का कारण पूछा गया तो उन्होने बताया कि यह सभी मोटरसाइकिल चोरी की है तथा 6 मोटरसाइकिल और एक कल्याणपुर के अर्ध निर्मित मकान में रखी है जो चलकर बरामद करा सकते हैं उन तीनों उक्त अभियुक्तों के निशान देही पर महदेहिया कल्यालपुर में एक अर्ध निर्मित मकान से चोरी की गई 06 अन्य मोटरसाइकिलों को बरामद किया गया स इन लोगों ने पूछताछ में बताया और हमारे दो साथी पीछे अभी आ रहे है । एस0ओ0जी0 टीम प्रभारी ने उक्त सूचना तत्काल प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थनगर को दी, संयुक्त पुलिस टीम द्वारा कल्याणपुर के पास ही उक्त अभियुक्तों का इन्तजार करने लगे तभी एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए, जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो उक्त दोनों व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिये, जिससे आरक्षी अवनीश सिंह को बाएं हाथ में फायर आर्म की चोट लगने से घायल हो गए, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ में फायर किया गया तो अभियुक्त झिन्नू उर्फ छोटू दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया स एक अभियुक्त रामदयाल पुत्र घेराव निवासी विजय नगर पचपेड़वा भागने में सफल रहा स पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियुक्त को घेरकर समय सुबह करीब 04. 00 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। झिन्नू उर्फ छोटू की जामा तलासी में 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 01 जिंदा कारतूस बरामद हुआ, झिन्नू को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया ।

# नाग पंचमी के अवसर पर लोगों ने पीटा गुडिया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज / सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को नाग पंचमी के त्यौहार



को क्षेत्र के लोगों ने बहुत ही धूमधाम से मनाया। सावन के अवसर पर आने वाले इस त्यौहार पर लोगों ने दूध लावा भगवान शिव को चढ़ाया और नागौं की पूजा अर्चना की। डुमरियागंज के तेलियाना मोहल्ले में क्षेत्र के लोगों ने अपने अपने बच्चों के साथ जाकर गुडिया पीटा और बहनों ने भाइयों को पान खिलाया। गाँवों में धूमधाम से मनाई जाने वाली ये परम्परा अब विलुप्त होने के कगार पर आ गई है, पहले के समय में जहां लोग नाग पंचमी के अवसर पर तरह तरह के पकवान बनाया करते थे और नए नए कपड़े पहन कर दूर तक लगने वाले मेले की तैयारी करके बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया करते थे, तो वहीँ आज के भौतिकतावादी युग में ना ही वो जोश दिखाई दे रहा और ना ही वो उत्साह। फिर भी आज डुमरियागंज के तेलियाना मोहल्ले में काफी लोगों ने अपने अपने बच्चों के साथ पहुँच कर इस त्यौहार को मनाया। क्षेत्र के सूरज, राजेश, दीपसी, आर्या, सलोनी, शालिनी, गार्गी, आदित्य, सूर्या आदि बच्चों ने पहुँच कर गुडिया पीटा और इस त्यौहार को धूमधाम से मनाया।

# कूड़ा नदी में तैरती दिखी लाश,लोगो में भय

अनंत मिश्रा / दैनिक बुद्ध का संदेश



उसका बाजार। उसका बाजार के कूड़ा नदी में तैरती लाश देखकर लोग हुए भयभीत लगातार बारिश होने से नदियों में पानी आ गया जिसमें पुराने रेलवे पुल के नीचे किसी व्यक्ति का शव बहता दिखाई दिया जिसको लेकर स्थानीय लोग वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिए लगातार बारिश से नदी भी उफान पर आ गई नदी का बहाव काफी तेज था और पानी के साथ साथ बह गया।

# 1857 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अलख जगा दी थी अमोढ़ा की रानी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। देश की स्वतंत्रता के लिए महिलाओं का योगदान पुरुषों से किसी भी मामले में कम नहीं है। बस्ती जिले का अमोढ़ा राज्य भी शहादत की गाथाओं को संजोये हुये है प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाली महारानी तलाशि कुंवरि यहां आज भी लोगों के दिलों में है उनकी वीरता की कहानियां युवा वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। अमोढ़ा रियासत की अंतिम शासक महारानी तलाशि कुंवरि ने अंग्रेजों से लोहा लेते हुये अपनी जान की कुर्बानी दी थी। सन 1852 में पति महाराजा जंगबहादुर शाह के निधन के बाद उन्होंने सत्ता स्वयं संभाली भी इस बीच अंग्रेजों की नजर रानी के राज्य पर पड़ीअंग्रेजों ने तरह–तरह से महारानी को परेशान करना शुरू कर दिया देशी रियासतों के संघ ने जब अंग्रेजी सत्ता के विरूद्ध संघर्ष का बिगुल बजाया तो यह राज्य भी उसमें शामिल हो गया देशी रियासतों ने अंतिम मुगल शासक बहादुर शाह जफर के नेतृत्व में यह लड़ाई शुरू की थी, इसलिये अंग्रेजी फौज की सीधी नजर देशी रजवाड़ों की थी रानी के विद्रोह को दबाने के लिए सन 1858 में कर्नल ह्यूज के नेतृत्व में ब्रिटिश फौज ने छावनी के उत्तर दिशा में वीरपुर खरहरा के पास अमोढ़ा रियासत



पर आक्रमण कर दिया। रानी और उनके सैनिक वीरता से लड़े लेकिन अंग्रेजी फौज के आगे नही टिक सके। अंग्रेज रानी को जिंदा पकड़ना चाहते थे लेकिन रानी ने प्रण ले रखा था कि वह जीते–जी अंग्रेजों के चंगुल में नहीं आएंगी। इसी संकल्प के चलते वह अंग्रेजों से लड़ते–लड़ते पखेरवा कुवंर सम्मय भवानी स्थान पर पहुंच गईं। आपने लोगों को बुलाकर कहा कि अब प्राण बचाना मुश्किल है। वहीं पर उन्होंने अपनी ही कटार अपनी छाती में घोप ली और शहीद हो गईं यह घटना है 2 मार्च 1858 की, इसके बाद अंग्रेजी सेना का दमनचक्र शुरू हो गया बड़ी संख्या में रानी के सैनिक पकड़े गए। मुकदमे का नाटक कर अंग्रेजों ने डेढ़ सौ सैनिकों को छावनी में पीपल के पेड़ से लटका कर मौत के घाट उतार दिया। अंग्रेजों का खौफ इतना था कि महिनों भर पेड़ से शहीदों के शव लटके रहे, चील कौवे खाते रहे लेकिन किसी की हिम्मत नहीं हुई कि शवों को उतार ले स्वतंत्रता संग्राम में अमोढ़ा राज्य का गौरवशाली योगदान शीर्षक किताब में रानी की वीरगाथा लिखने वाले राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक स्व० हाकिम सिंह अब नही है लेकिन वे कहते थे कि रानी तलाश कुंवरि ने 1857 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम शुरू होने से पहले ही बस्ती में स्वतंत्रता की अलख दी थी

पर्यटन विभाग ने ऐतहासिक अमोढ़ा किले का कराया सौन्दीकरण : अमोढ़ा रानी के किले का पर्यटन विभाग ने करीब डेढ़ करोड़ की लागत से सौन्दीकरण का कार्य विगत दो बर्ष पहले कराया जिसमें म्यूजियम , माडल शौचालय , पथ वे , प्रकाश के लिये सोलर लाइटे, वाहन पार्किंग , आरो वाटर प्लांट तथा राजमहल के ऊपर इंटरलाकिंग सहित अनेक कार्य कराये गये है लेकिन रखरखाव के अभाव में काफी कमी होता जा रहा है

# एनडीआरएफ ने किया तहसील एवं ब्लॉक में आपदा से बचाव का प्रशिक्षण प्रारम्भ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी के निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनपद के प्रत्येक तहसील और ब्लॉक स्तरीय




फ्रंटलाइन वर्कस का आपदा से बचाव का प्रशिक्षण एन.डी.आर.एफ. द्वारा दिया जाएगा, पूरे कार्यक्रम का रूपरेखा तैयार कर लिया गया है, जिसका प्रारम्भ सदर तहसील नौगढ़ से किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान एन डी आर एफ की संरचना एवं कार्यशैली व आपदा प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दीया गया, तत्पश्चात मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा बाढ़ जैसी आपदा से बचाव के लिए आपदा से पूर्व, दौरान और बाद में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी तथा बाढ़ के दौरान जीवन सुरक्षा हेतु स्थानीय संसाधनों से निर्मित रक्षक जैकेट बनाने का तरीका, सांप काटने पर दीये जाने वाले प्राथमिक उपचार तथा भूकंप, भूस्खलन जैसी आपदाओं में घायल हुए व्यक्तियों को अस्पताल से पूर्व चिकित्सा के बारे में बताया गया ।आपदा के दौरान या सामान्य जीवन में चोट लगने पर प्राथमिक उपचार जैसे ड्रेसिंग, बैंडेज, खून का बहाव रोकना, फैक्चर को स्थायित्व प्रदान करना, जीवन रक्षक सीपीआर का प्रशिक्षण, घायल व्यक्ति को एंबुलेंस या हॉस्पिटल तक ले जाने के लिए घरेलू सामानों के द्वारा स्ट्रेचर बनाने का तरीका, डूबे हुए व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देने का तरीका, आकाशीय बिजली से बचने का तरीका बताया गया ।इस कार्यक्रम को सदर तहसील के एसडीएम श्री विकास कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न किया गया।

# 25 अगस्त होने वाले धरने में शामिल होने की माध्यमिक शिक्षक संघ ने की अपील



दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ सिद्धार्थ नगर की जनपदीय कार्यकारिणी के सदस्यों ने जनपद के कई विद्यालयों का दौरा किया। सदस्यता अभियान में सभी साथियों को बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने को प्रेरित किया। साथ ही केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर 25 अगस्त को जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय पर होने वाले धरने में शामिल होने की अपील की। भ्रमण में जिलामंत्री डॉ हृदय नारायण मिश्र के साथ कार्यकारिणी के सदस्य गिरिजेश कुमार सिंह, दयाशंकर यादव, विनय अनमोल एवं विजय बहादुर वर्मा साथ रहे। दौरे में श्री सिंहेश्वरी इंटर कॉलेज, मुस्लिम इंटर कॉलेज महदेइया, बुद्ध विद्यापीठ इंटर कॉलेज बर्डपुर, नवज्योति इंटर कालेज बर्डपुर आदि विद्यालयों का भ्रमण किया गया। जनपदीय कार्यकारिणी के सदस्यों की उपस्थिति में ही मुस्लिम इंटर कॉलेज महदेइया की ईकाई शाखा का भी गठन हुआ। जिसमें शाखा अध्यक्ष के रूप में वसीम अहमद, शाखा मंत्री अब्दुल्लाह का चयन हुआ। शाखा के संरक्षक के रूप में सभी साथियों ने प्रधानाचार्य जनाब मोहम्मद तारिक का चयन किया।

# गोला बाजार में नागपंचमी के अवसर पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला गोरखपुर। नाग पंचमी के त्यौहार के अवसर पर विधानसभा चिल्लू पार के भरोह गोला बाजार में 5 किलोमीटर क्रास कंट्री दौड़ की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया गया इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चिल्लू पार विधानसभा के वरिष्ठ सपा नेता श्री मनीष पांडे जी ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों को झंडी दिखाकर रवाना किया और सब को नाग पंचमी की बधाई हो शुभकामनाएं दिए और कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों का



उत्साहवर्धन करने का काम किया और उन्होंने वर्तमान भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल नफरत की राजनीति करती है इसलिए भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश सरकार की कुर्सी से हटाना बहुत जरूरी है और आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है समाजवादी पार्टी मोहब्बत की राजनीति करने वाली पार्टी है कार्यक्रम में उपस्थित कार्यक्रम के संरक्षक श्री बांके लाल यादव जी पूर्व प्रधान भरोह शैलेश कुमार पासवान वर्तमान प्रधान भरोह चंचल पांडे ,रमाशंकर यादव विधानसभा उपाध्यक्ष चिल्लूपार जनार्दन यादव जी सपा नेता धर्मेंद्र यादव युवा सपा नेता आदि ने अपने विचार व्यक्त किए इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मनोज यादव जितेंद्र कुमार , किशन कुमार ,चंचल पांडे नुज मिश्रा जी आर्यन मिश्रा , गौरव मिश्रा ,सदानंद यादव , राम कुमार त्रिपाठी , शिवकुमार पाठक ,अभय पांडे ,और बहुत भारी संख्या में उपस्थित सभी नौजवान साथी और नौजवान साथियों बुजुर्गों अभिभावक रहे।

# पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सरौली व गडयीगाड़ के जंगलों में की गयी सघन काम्बिग



दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमा / सोनभद्र ।जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोक थाम रखने दुरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित रखने जनता में सुरक्षा की भावना बनाये रखने अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा करमा थाना अन्तर्गत सरौली, गडयीगाड़ के जंगलों में पी एस सी बल के साथ सघन काम्बिग की गयी साथ में थाना प्रभारी घोरावल शाहगंज करमा रहे काम्बिग उपरांत गडयीगाड़ में जनचौपाल लगाकर समस्याओं को सुन समस्या समाधान का भरोसा दिलाया गया लोगों को भयमुक्त रहने के लिये कहा गया तथा पुलिस का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

# सम्पादकीय

**तभी हम जलवायु परिवर्तन के रौद्र को किसी हद तक कम कर पाने में सफल हो पायेंगे। अन्यथा देश के मैदानी क्षेत्रों में आग बरसाती गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ सकता है। साथ ही बारिश के औसत के साथ ही इसकी तीव्रता में भी वृद्धि होगी, जो बाढ़ की वजह बनेगी। यह बारिश ...**

## जलवायु आपातकाल

वैश्विक जलवायु में आसन्न खतरों की भयावहता इंगित करती इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज यानी आईपीसीसी की छठी आकलन रिपोर्ट आंखें खोलने वाली है, जो बताती है कि यदि वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी को रोकने के लिये गंभीर पहल अभी नहीं की गई तो मानवता को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। चिंता जतायी जा रही है कि भारत में चालीस करोड़ ऐसे लोगों की जीविका और जीवन संकट में पड़ सकता है, जिनका रोजगार पर्यावरण से जुड़े संसाधनों पर निर्भर करता है। जलवायु परिवर्तन से धरती पर आसन्न खतरों को इंगित करती संयुक्त राष्ट्र की नई रिपोर्ट उन आशंकाओं पर मोहर लगाती है जो आने वाले दशकों को लेकर चिंतित करती थी। निस्संदेह इस संकट के मूल में मानवीय हस्तक्षेप की बड़ी भूमिका है। दरअसल, यह संकट सिर्फ पर्यावरण का मसला ही नहीं है, यह करोड़ों लोगों के रोजगार से भी जुड़ा है, जिसके चलते जलवायु परिवर्तन प्रभावों पर नियंत्रण के लिये अलग मंत्रालय बनाने व सख्त नीतियों को लागू करने की जरूरत है। दरअसल, भारतीय भूभाग का आधा हिस्सा शुष्क जलवायु में आने के कारण गर्म हवाओं की जद में आ सकता है। रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक तापमान में वृद्धि का जो आकलन पांचवें दशक के बाद किया गया था, उसका खतरा 2030 तक सामने आने की स्थिति बन गई है। जिसके 1.5 डिग्री से अधिक होने की आशंका है। निस्संदेह, तापमान वृद्धि के मूल में कार्बन डाइऑक्साइड व मीथेन जैसी गैसों की बड़ी भूमिका है, जो जीवाश्म ईंधनों के जलाये जाने से उत्पन्न होती है। इस मायने में तापमान वृद्धि में प्राकृतिक कारणों की भूमिका कम ही है। ऐसे में वर्ष 2015 के पेरिस जलवायु समझौते के अंतर्गत औद्योगिक काल के पूर्व की तुलना में सदी के अंत तक 1.5 डिग्री तक तापमान वृद्धि नियंत्रित करने का लक्ष्य पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। रिपोर्ट पूर्व में निर्धारित लक्ष्य के विपरीत दुनिया का तापमान 2030 तक 1.5 डिग्री सेल्सियस का अनुमान पार करने का संकेत देती है। दरअसल, दुनिया के 234 पर्यावरण वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई आईपीसीसी की छठी आकलन रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक तापमान बढने से जहां दुनिया में ग्लेशियर पिघलेंगे, वहीं समुद्र का जलस्तर बढ़ेगा। सदियों से जमी बर्फ का क्षेत्र संकुचित होगा। इसके साथ ही भयावह लू, बाढ़, सूखा व चक्रवर्ती तूफानों की आवृत्ति में इजाफा होगा। तूफान ज्यादा घातक व तेज बारिश करने वाले होंगे। तीन हजार पेज की रिपोर्ट बताती है कि वातावरण में मौजूद ग्रीन हाउस गैसों को कम करना तथा इसके घातक प्रभावों पर नियंत्रण भी आसान नहीं होगा। आईपीसीसी के स्वतंत्र वैज्ञानिक चेता रहे हैं कि मौसम के मिजाज में जो तल्खी यूरोप व अमेरिका आदि के देशों में नजर आ रही है, वह दुनिया में बढ़ते तापमान का ही नतीजा है। इससे जीवन के साथ ही जीविका पर भी बड़ा संकट पैदा होगा। भारत में साढ़े सात हजार किलोमीटर समुद्र तट के किनारे रहने वाली आबादी के सामने मछली पालन व पर्यटन जैसे रोजगारों पर खतरे के बादल मंडराएंगे। वैज्ञानिक कह रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन संकट का मुकाबला सिर्फ पर्यावरण व वन मंत्रालय के जरिये ही नहीं किया जा सकता, इसके लिये अलग मंत्रालय की स्थापना करके संकट से निपटने के लिये सख्त कदम उठाये जाने चाहिए। साथ ही दुनिया में उपलब्ध आधुनिक तकनीकों का हस्तांतरण और वित्तीय संसाधनों की भी व्यवस्था की जानी चाहिए। वैश्विक सौर सहयोग की तर्ज पर ही अंतर्राष्ट्रीय सहयोग लिया जाना चाहिए।

## उल्लुओं बिन जग में सब सून

फारूक आफरीदी

खबर सुनने में आ रही है भाई साहब कि हमारे देश के उल्लू अन्धविश्वासी लोगों के हाथों मारे जा रहे हैं और उनकी तस्करी हो रही है। यह तो गहन चिंता में डालने वाली बात हो गई कि उल्लुओं की चिताएं सजाई जा रही हैं। इस तरह उल्लुओं का सफाया हम किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। उल्लुओं के कारण तो देश के समझदारों की रोजी–रोटी चल रही है। आप ही बताओ कि यदि इस तरह उनका सफाया हो गया तो उनके नाम पर रोजी रोजगार कमाने वालों का तो खाया–पीया ही बराबर हो जाएगा। सोने का अंडा देने वाली मुर्गी पर ऐसे तो कौन आंच आने देगा भाई साहब! देश भर में चतुर्दिक फैले हमारे विद्वान, समझदार, गरीबों के तारणहार, सपनों के सौदागर, विकास गंगा के खिवैए सैकड़ों महान जनसेवकों का तो सारा कारोबार ही उल्लुओं पर टिका हुआ है। चुनाव महोत्सव में घर–घर नेता और घर–घर उल्लू का नारा उल्लुओं के कारण ही परवान पर चढ़ता है। उल्लू ही नहीं रहेंगे तो ये दुनिया कैसे चलेगी भाई साहब! ये संसार स्वाहा ना हो जाएगा फिर विकास का चश्मा किस पर चढ़ाएंगे कुहनी पर गुड़ लगाकर लोगों को पांच साल तक कैसे नचाएंगे! जीत की प्रत्यंचा किस पर चढ़ेगी! छम–छम करती लक्ष्मीजी पर सवारी कौन करेगा कैसे कानून का डर इस कान से डाल उस कान से निकालेंगे! उल्लू ही नहीं रहे तो समाज और देश श्रीहीन, लक्ष्मीविहीन और विकासहीन न हो जाएगा! देश की नैया भंवर में जाएगी। आश्वासनों की रबड़ी पिलाने वालों की मैया ही मर जाएगी साहब!

उल्लुओं के लुप्त होने से केवल हमारे जनप्रतिनिधि ही रुआंसे नहीं होंगे बल्कि उनके मातहत, लक्ष्मीजी को मजबूत रस्सी से बांधने के सौ रास्ते बताने वाली, जनता को खून के आंसू रुलाने वाली, जनता के रक्त की अंतिम बूंद तक निचोडने वाली, रीढ़हीन, कमजोर नस्लों पर भौंकने वाली जमात भी उल्लुओं के अभाव में सूखकर कांटा न हो जाएगी। यूं इस जमात की चमड़ी भले ही गेंडे जैसी एवं इन्सल्ट प्रूफ होती है लेकिन कोई अनहोनी हो जाए तो वह कैसे बर्दाश्त कर पाएगी भाई साहब! खघसतौर से यही वह जमात है, जिसे पल–पल उल्लुओं की जरूरत पड़ती है। हर तलुआ–चाट अफसर को एकाध उल्लू तो हर हालत में चाहिए अन्यथा अपने कमाऊ नेताओं और अंधी कमाई की आदी अर्धांगिनी की डांट के बाद सातवें आसमान पर चढ़ा पारा उल्लू जैसों के बिना वे बेचारे आखिर किस जीव पर उतारेंगे! संकट की इस घड़ी में एक ही करबद्ध और साष्टांग प्रार्थना है कि प्रभु! हमारी रक्षा करो, चाहे गिद्धों को उठा लो लेकिन उल्लुओं की नस्लों को बचा लो अन्यथा हम विलुप्ति के कगार पर पहुंच जाएंगे।

## हस्की का नवजागरण, महिला शक्तिका उदय

**हमारे कुल मेडल का मुकाबला असल में चीन के साथ करके देखा जाना चाहिए क्योंकि चीन और भारत में कई समानताएं हैं। खासतौर पर आबादी के लिहाज से। कहां उनके 88 मेडल और हमारे सात। विशेषज्ञों की नजर में हमारी रणनीतियों में दो ही फर्क हैं। उन्होंने अपनी व्यापक आबादी की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करना अपनी प्राथमिकता बनाया व मास–स्पोर्ट्स कल्चर के सिद्धांत को अपनाते हुए खेल सुविधाओं ...**

जगमति सांगवान

हाल ही में सम्पन्न टोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा ने गोल्ड मेडल जीत कर हमारे खिलाडियों के जीत के आगाज को चार चांद लगा दिए। इस मौके पर सरकारों व कुछ अन्य संस्थाओं ने भी आगे आते हुए धन व प्यार के खजाने उन पर वारे–न्यारे किए हैं। जिन खिलाडियों ने ओलंपिक में खेलने के लिए क्वालीफाई भर ही किया, उन्हें जितने भी इनाम दिए जाएं, वो कम हैं क्योंकि इनका ये प्रदर्शन इनकी जीवन की परिस्थितियों से बहुत आगे का प्रदर्शन है। जिस सामाजिक, आर्थिक पृष्ठभूमि से ये खिलाड़ी आते हैं, वो इस स्तर के शारीरिक विकास को वहन करने के लिए सहज रूप में कतई सक्षम नहीं हैं। ज्यादातर परिवारों ने अपने पूरे परिवार का बजट निचोड़ कर इन पर खर्च किया है। बकौल मेडलिस्ट खिलाड़ी उनके माता–पिता को उनके खेल करिअर को आगे बढ़ाने के लिए अतिरिक्त काम करना पड़ा है। उन्हें परिवार के दूसरे बच्चों की पढ़ाई तक भी छुड़वानी पड़ी है।



सरकार का खेलों पर बजट तो ऊंट के मुंह में जीरे के समान होता जा रहा है। हमारे देश का हाल ही में पेश खेल बजट 2019–20, कुल जमा 2216 करोड़ था। जिसका 40 फीसदी अफसरशाही पर खर्च होता है और बाकी खेलो इंडिया, यूनिवर्सिटी, कॉलेज, खेल मैदान व अन्य सुविधाओं पर जबकि बीसीसीआई के एक आयोजन का खर्च इससे ज्यादा हो जाता है। दूसरी तरफ हॉकी टीम पर ओडिशा सरकार का खर्च श्सरकारी खर्चे व अच्छे खेल प्रदर्शन में सीधा सम्बन्धय दिखा रहा है। यह चुनौती जब हमने एशिया में कांस्य जीता था तब भी ऐसी थी, जो आज कई मायनो में और ज्यादा विकट हुई है। मसलन उस समय हरियाणा में एक खेलकूद महाविद्यालय था जो आज बंद पड़ा है। सभी खिलाड़ी प्राइवेट एकेडमियों के भारी–भरकम खर्चे उठाने पर मजबूर हैं जो हरेक के बस की बात नहीं। अतरू बहुत–सी प्रतिभाएं दिल मसोस कर रह जाती हैं। मैं हरियाणा के छोटे किसान परिवार की पृष्ठभूमि से आते हुए एक साल खेलकूद महाविद्यालय की छात्रा रहकर भारतीय महिला वालीबॉल टीम के ट्रेनिंग कैम्प के लिए चुनी गई थी। कैम्प में बहुत अच्छी डाइट के अलावा 4–5 मल्टी विटामिन गोलियां हर रोज खिलाई जाती थी ताकि हमारा शरीर उस स्तर की ट्रेनिंग को वहन कर सके। उसके बावजूद मिस्टर कुर्त राडे, हमारे जर्मन कोच, हमारे प्रदर्शन को देखकर बोलते थेकृअच्छा और अच्छा करो, इतना भर तो मेरी दादी भी कर सकती है। उनकी इस लाइन को याद करके हम अब भी आपस में हंसते हैं। पहले हमें उनकी इस टिप्पणी पर गुस्सा आता था, अब हंसी आती है, क्योंकि अब हमें इसके निहितार्थ पता लग चुके हैं। यह हकीकत है कि वो आबादियां जो खेल को अपनी ऊंचाई हासिल करने को जरिये की तरह अपनाती (अपवर्ड मोबिलिटी) हैं, उनके पोषण का स्तर लगभग कुपोषण जैसा है। हमारी हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल ने स्वयं बताया भी है कि उनकी शारीरिक हालत को देखकर शुरू में उनके कोच ने उन्हें खिलाने से मना कर दिया था। हमारे कुल मेडल का मुकाबला असल में चीन के साथ करके देखा जाना चाहिए क्योंकि चीन और भारत में कई समानताएं हैं। खासतौर पर आबादी के लिहाज से। कहां उनके 88 मेडल और हमारे सात। विशेषज्ञों की नजर में हमारी रणनीतियों में दो ही फर्क हैं। उन्होंने अपनी व्यापक आबादी की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करना अपनी प्राथमिकता बनाया व मास–स्पोर्ट्स कल्चर के सिद्धांत को अपनाते हुए खेल सुविधाओं का जाल बिछाया। इसी मूल मंत्र पर चलते हुए हम अपनी बड़ी आबादी को एक खेल–पावर बनने के लिए अपनी ताकत बना सकते हैं। इसके साथ–साथ हमें विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक परिवेश को ध्यान में रखते हुए कुछ खास खेलों को वहां प्रोत्साहन देना होगा। दूसरी तरफ हम देख रहे हैं कि हमारे देश की महिलाएं अपने खेल प्रदर्शन को उत्तरोत्तर ऊंचा उठाती जा रही हैं। पिछली बार रियो ओलंपिक में तो केवल महिलाओं ने ही पदक जीते थे। परन्तु खेलों को और आगे बढ़ाने वाली देश की अपैक्स आठ सदस्यीय टास्क–फोर्स में फिर भी किसी महिला खिलाड़ी को स्थान नहीं दिया गया। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि टोक्यो ओलंपिक से हमारे राष्ट्रीय खेल हॉकी का नवजागरण व महिला शक्ति के खेल शक्ति बनने का आगाज हुआ है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020: शिक्षा के नए युग की शुरुआत

**प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि एनईपी 2020 अनुत्पादक साइलो को तोड़कर बच्चे की उच्चतम क्षमता को बढ़ाएगी। यह नीति विश्व स्तर की शिक्षा प्रणालियों के इतिहास में सबसे अधिक परामर्श प्रक्रियाओं के बाद लाई गई है और भारत को ज्ञान अर्थव्यवस्था के शीर्ष पर पहुंचाने में हमारे नेतृत्व के संकल्प और दृष्टिकोण को दर्शाती है। जैसा कि हम अमृत महोत्सव या भारत की स्वतंत्रता के 75 ...**

धर्मेंद्र प्रधान

मैंने इस वर्ष 8 जुलाई को शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभाला था। यह चुनौतीपूर्ण और रोमांचक है और ऐसा न केवल इस मंत्रालय के शानदार इतिहास को देखते हुए है, बल्कि यहां चल रहे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के कार्यान्वयन के कारण हैं, जो 34 वर्ष के बाद लाई गई है और यह 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है।

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि एनईपी 2020 एक ऐसा दस्तावेज है, जिसका देश के शैक्षणिक परिदृश्य पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। इसके परिणामस्वरूप आंतरिक बदलाव होगा और संसाधनों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे भारत के भविष्य को नई दिशा मिलेगी और दुनिया में उसकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मैं पूरी जिम्मेदारी से यह बात कह रहा हूं। अगर आप चाहें, तो कह सकते हैं कि गुणवत्ता, समानता, पहुंच और सामर्थ्य के सिद्धांतों पर तैयार की गई यह नीति मोदी सरकार के लिए एक मार्गदर्शक फलसफा है, एक मूल पाठ है, जो करोड़ों युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं को साकार करने का एक साधन है।

मेरा यह तर्क एनईपी 2020 की निम्नलिखित विशेषताओं पर आधारित है, हालांकि भविष्य में इस नीति के कई अन्य लाभ भी हैं।

पहली विशेषता यह है कि इस नीतिगत उपाय के माध्यम से समावेशी शिक्षा पर विशेष जोर देकर हम प्री स्कूल से लेकर वयस्कता तक एक बच्चे के लिए अधिक सक्षम वातावरण सुनिश्चित करते हैं। एनईपी में सीखने को रोचक बनाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ा गया है और नई 5334 स्कूली शिक्षा प्रणाली के जरिए एक बच्चे को औपचारिक स्कूलों के लिए तैयार किया जाता है। अब तक प्ले स्कूल का विचार मुख्य रूप से शहरों के मध्यम या उच्च वर्ग तक ही सीमित था, क्योंकि वे निजी स्कूलों का खर्च वहन कर सकते थे।

दूसरी विशेषता पहली से ही जुड़ी हुई है कि कौशल और स्कूली शिक्षा (अकादमिक), पाठ्यक्रम संबंधी और पाठ्यक्रम के अलावा मानविकी और विज्ञान के बीच के वर्गीकरण को तोड़कर बहु–विषयकता, वैचारिक समझ और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा दिया गया है। इसमें रचनात्मक संयोजन करने की पूरी संभावना है उदाहरण के लिए पेंटिंग के साथ गणित विषय का संयोजन। एक छात्र के जीवन में आने वाले कई प्रकार के तनाव से निपटने के लिए शैक्षणिक सत्र की समाप्ति पर मार्कशीट के बजाय एक समग्र प्रोग्रेस कार्ड दिया जाएगा, जिसमें योग्यता के साथ बच्चे के कौशल, दक्षता, पात्रता और अन्य प्रतिभाओं का आकलन किया जाएगा।

हाई स्कूल के प्रत्येक बच्चे को व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करनी होगी, जो छठी कक्षा से शुरू होगी और इसमें इंटर्नशिप शामिल होगी। स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र के लिए कभी भी पाठ्यक्रम को छोडने के लिए उपयुक्त प्रमाणन के साथ पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने और छोडने के कई विकल्प होंगे।

स्कूली शिक्षा के लिए एक डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है, जो स्वतंत्र रूप से काम करेगा लेकिन यह सिद्धांतों, मानकों और दिशानिर्देशों की व्यवस्था एनडीईएआर के माध्यम से आपस में जुड़ा होगा। इससे संपूर्ण डिजिटल शिक्षा इकोसिस्टम सक्रिय होगा और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पना किए गए इस क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सुधारों के लिए आवश्यक है।

एनडीईएआर समग्र शिक्षा स्कीम 2. 0 में भी सहायता करेगी, जिसे अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया है और इसके लिए इस माह की शुरुआत में 2.94 लाख करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय की घोषणा की गई थी। यह एक व्यापक कार्यक्रम है, जो सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के प्री–स्कूल से लेकर 12 वीं कक्षा तक के 11.6 लाख स्कूलों, 15.6 करोड़ से अधिक छात्रों और 57 लाख शिक्षकों के लिए है। सभी बाल–केंद्रित वित्तीय सहायता डीबीटी तरीके से सीधे छात्रों को प्रदान की जाएगी।

उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिए एक एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) होगा, जो विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) से अर्जित सभी शैक्षणिक क्रेडिट के डिजिटल स्टोरेज की सुविधा प्रदान करेगा, ताकि इन्हें अंतिम डिग्री में शामिल किया जा सके। इसमें व्यावसायिक और शैक्षणिक प्रशिक्षण, अगर छात्र अलग–अलग समय पर पाठ्यक्रम को छोड़ता है और ऐसी अन्य असाधारण स्थितियों में उसके द्वारा जमा किए गए ग्रेड शामिल हैं। विशेष रूप से यह छात्रों के किसी भागीदार विदेशी संस्थान में एक सेमेस्टर पूरा करने के लिए एनईपी के तहत परिकल्पित विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ जुडने की व्यवस्था में सहायक होगा।

विधिक और चिकित्सा संस्थानों को छोड़कर पूरे देश में उच्च शिक्षा संस्थानों का एक ही नियामक होगा जिसे भारतीय उच्च शिक्षा परिषद (एचईसीआई) कहा जाता है। यह हल्का लेकिन सख्त नियामक ढांचा सुनिश्चित करेगा।

एनईपी बधिर छात्रों के लिए राष्ट्रीय और राज्य पाठ्यक्रम की सामग्री को भारतीय सांकेतिक भाषा (आईएसएल) में तैयार करने के मानकीकरण सहित शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषाध स्थानीय भाषा या क्षेत्रीय भाषा के लिए तीन भाषा नीति की भाषाई दक्षता के माध्यम से ज्ञान अर्थव्यवस्था तैयार करती है। यूनेस्को ने आईएसएल–आधारित सामग्री पर विशेष ध्यान देते हुए प्रौद्योगिकी–सक्षम समावेशी शिक्षण सामग्री के माध्यम से विकलांग व्यक्तियों की शिक्षा को सक्षम बनाने के लिए किंग सेजोंग साक्षरता पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया है।

इन सभी पहलों को एक साथ जोडने के लिए लैंगिक समावेशन कोष की स्थापना, वंचित क्षेत्रों और समूहों के लिए विशेष शिक्षा जोन के लिए सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित समूहों पर विशेष जोर दिया जाएगा और राज्यों को बाल भवन या दिन के लिए बोर्डिंग स्कूल स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि एनईपी 2020 अनुत्पादक साइलो को तोड़कर बच्चे की उच्चतम क्षमता को बढ़ाएगी। यह नीति विश्व स्तर की शिक्षा प्रणालियों के इतिहास में सबसे अधिक परामर्श प्रक्रियाओं के बाद लाई गई है और भारत को ज्ञान अर्थव्यवस्था के शीर्ष पर पहुंचाने में हमारे नेतृत्व के संकल्प और दृष्टिकोण को दर्शाती है। जैसा कि हम अमृत महोत्सव या भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष मना रहे हैं, वैसे ही यह नई नीति आज के 5 से 15 वर्ष तक की आयु के उन बच्चों को तैयार करेगी, जो भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष या आजादी के 100 साल के अवसर पर 30 से 40 वर्ष आयु के होंगे। मेरा सौभाग्य है कि मुझे ऐसा कार्यबल तैयार करने की इस प्रक्रिया में शामिल होने का एक अवसर दिया गया है, जो वैज्ञानिक विचार, आलोचनात्मक सोच और मानवतावाद पर आधारित एक वैश्विक समुदाय का प्रणेता होगा।

## मोटरसाइकिल सवार ने अधेड़ को पीछे से मारी ठोकर, मौत

देवरिया। खुखुंदू थाना क्षेत्र के मुसैला–मगहरा मार्ग पर धनौती गांव के समीप 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति को पीछे से एक मोटरसाइकिल सवार ने ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल से रेफर होने के बाद इलाज के लिए मेडिकल कालेज गोरखपुर ले जाते समय अधेड़ ने दम तोड़ दिया। खुखुंदू थाना क्षेत्र के बहादुरपुर के रहने वाले रामआशीष यादव उम्र 48 वर्ष पुत्र जमुना यादव मुसैला–मगहरा मार्ग पर पैदल जा रहे थे। तेज गति से आ रहे दोपहिया वाहन चालक ने पीछे से ठोकर मार दी। जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। कान से ब्लड आने लगा। लोग मौके पर पहुंचते कि मोटरसाइकिल सवार मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने घायल की पहचान कर उसके घर फोन किया और उन्हें एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय पहुंचाया। हालत गंभीर देख चिकित्सक ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। गोरखपुर ले जाते समय रास्ते में घायल की मौत हो गई। स्वजन रास्ते से वापस लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचे। चिकित्सक की सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया।

## पिकअप ने कार में मारी ठोकर

रामपुर कारखाना, देवरिया। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के गौरा चौराहे के निकट देवरिया–कसया मार्ग पर एक अनियंत्रित पिकअप ने कार में ठोकर मार दिया। जिससे तीन बैंककर्मी घायल हो गए। एक की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उन्हें गोरखपुर रेफर कर दिया। रामपुर कारखाना के भारतीय स्टेट बैंक में तैनात फील्ड अफसर राघवेंद्र कुमार राय देररात कार से देवरिया जा रहे थे। अभी वह गौरा के निकट पहुंचे थे कि देवरिया की तरफ से आ रही एक अनियंत्रित पिकअप सामने से ठोकर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे फील्ड अफसर गंभीर रूप से घायल हो गए। तभी पीछे से रामपुर कारखाना बैंक में ही तैनात श्रवण कुमार एवं उनके साथ एक महिला बैंककर्मी मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे, जो कार के अचानक रुकने से वह भी उससे टकराकर गिर गए। दोनों को गंभीर चोटें आई । शाखा प्रबंधक रामपुर कारखाना नीरज कुमार ने बताया कि पिकअप की ठोकर से तीन बैंककर्मी घायल हो गए हैं। जिसमें एक की हालत गंभीर है। जबकि दो लोगों को हल्की चोटें आई है।

## फाल्ट से मदनपुर व महेन की ठप रही बिजली आपूर्ति

मदनपुर, देवरिया। बरहज उपकेंद्र में आई खराबी व बरसात की वजह से महेन उपकेंद्र से विद्युत आपूर्ति लड़खड़ा गई है। पानी से घिरे पोल से मेन लाइन में आए दिन हो रहे फाल्ट से विद्युतकर्मी भी परेशान हैं। रुद्रपुर के समीप कुरना नाले के किनारे पानी से घिरे पोल पर मेन लाइन में फाल्ट होने से भी आपूर्ति बाधित रही। कर्मचारियों का कहना है कि पानी अधिक होने से खराबी दूर करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बंध अधिशासी अभियंता एसके सिन्हा ने बताया कि बरहज में मरम्मत जारी है। जल्द ही उपकेंद्र से आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## 90 केंद्रों पर 14449 लोगों को लगा कोरोनारोधी टीका

देवरिया। जिले में कोरोनारोधी टीका लगवाने के लिए केंद्रों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। टीका भरपूर उपलब्ध हुआ तो शहर के आठ केंद्रों पर लोगों को टीका लगाया गया। जिसमें जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, अर्बन हेल्थ सेंटर रामनाथ देवरिया, सोमनाथ व चकियवां ढाला के अलावा रमाबाबू के हाता, रिलायंस पेट्रोल पंप व सरस्वती विद्यामंदिर में भी कोरोनारोधी टीका लगाया गया। .जिले में कुल 90 टीकाकरण केंद्रों पर 14449 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाया गया। एक फ्रंटलाइन वर्कर को कोरोनारोधी टीके की दूसरी डोज दी गई। जिले में कुल 14890 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया था। 18 से 45 वर्ष तक 9486 लोगों को प्रथम डोज व 450 को द्वितीय डोज दिया गया। 45 से 60 वर्ष के लोगों में 2273 को प्रथम व 890 को द्वितीय डोज दिया गया। 60 वर्ष से ऊपर 865 को प्रथम व 484 को द्वितीय डोज दिया गया।

## टीका लगवाने को लेकर हंगामा, पुलिस ने खदेड़ा

देवरिया। मेडिकल कालेज से संबद्ध जिला अस्पताल में कोरोनारोधी टीका लगवाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। विदेश जाने वाले लोग यहां बड़ी संख्या में पहुंच गए। बारिश में भीगते हुए टीका लगवाने के लिए लोग लाइन लगाकर खड़े रहे। यहां सैकड़ों की संख्या में पहुंचे युवकों ने कई बार हंगामा किया। यहां कुछ युवक हंगामा के बाद मारपीट करने पर उतारू हुए तो पुलिस ने उन्हें खदेड़ा। शाम तक यहां टीका लगवाने व अभिलेख चेक कराने वालों की भीड़ लगी रही।

## सड़क पर कब्जा, सांसत में राहगीर

महराजगंज। नगर पालिका नौतनवा की सड़क की दोनों पटरियों पर वाहनों व दुकानदारों का कब्जा होने से जाम लगना आम बात हो गई। गांधी चौक, भगत सिंह चौक, घंटाघर चौक, स्टेशन चौराहे पर सुबह से देर शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे निकलने के लिए लोग जूझते हुए देखे गए हैं, लेकिन यातायात व्यवस्था को दुरुस्त कराने के लिए प्रशासन सुस्त दिखाई दे रहा है। राजकिशोर चौधरी ने बताया कि नगर में सड़क किनारे वाहन खड़ी करने से मुख्य सड़क सकरी हो गई है, वहीं दुकानदार अपनी दुकान सजाए रहते हैं। जिससे यदि बड़े वाहन गुजर जाए तो लंबा जाम लग जाता है। राजीव कुमार जायसवाल ने बताया कि कस्बा में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, जिसको देखो कहीं भी वाहन खड़ी कर अपना काम निपटाने चले जाते हैं, बोलने पर उल्टे आंख दिखाते हैं, जो पुलिस की शिथिलता के कारण होता है। सतपाल सिंह कहते हैं कि यहां नगर में स्थित बैंकों व दुकानदारों के पास पार्किंग स्थल की व्यवस्था नहीं है। मजबूरी में वाहन चालक सड़क किनारे वाहन को खड़ा करता है। चंद्रदेव यादव ने कहा कि यदि कड़ाई से प्रशासन यातायात नियमों को पालन कराए तो जाम की स्थिति से निजात मिल सकता है। इंसपेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि जाम की स्थिति बन रहे वाहनों का चालान काटने का निर्देश दिया गया हैं, साथ ही सड़कों पर कब्जा करने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी गई है ।

# पात्रों को मिले सरकार की योजनाओं का लाभ

देवरिया। सदर तहसील परिसर में महिला कल्याण विभाग की तरफ से मेगा कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं का लाभ देने के लिए आवेदन प्राप्त कर आनलाइन किए गए। कैंप का शुभारंभ सदर विधायक डा.सत्यप्रकाश मणि ने किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं व बच्चों के लिए सरकार की तरफ से कई योजनाएं संचालित हैं। हर हाल में सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों को मिलना चाहिए। विधायक ने महिलाओं से बात की। एसडीएम सौरभ सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसके लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार ने कहा कि मेगा कैंप का मकसद एक ही छत के नीचे पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। सरकार की तरफ से पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य संचालित की जा रही है। इन योजनाओं का लाभ पात्रों को दिए जाने का प्रयास चल रहा है। मेगा कैंप में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत 106 आवेदन आए। विधवा पेंशन के सात आवेदन आए। सभी आवेदन मौके पर ही आनलाइन किए गए। उन्होंने कहा कि 13 अगस्त को सलेमपुर तहसील परिसर में मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर नितेश शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। लड़कियों के शिक्षित होने से कई घर होते हैं रोशन : देवरिया। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ के तत्वावधान में ब्लाक संसाधन केंद्र परिसर में शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक डा.सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि लड़कियों के शिक्षित होने से कई घर रोशन होते हैं। आज किसी भी क्षेत्र में महिलाएं पीछे नहीं हैं।

# आठवें दिन भी नहीं पहुंचा टीका, मायूस लौटे लोग

पड़री बाजार, देवरिया । सरकार भले ही कोरोना टीकाकरण के लिए टीका की उपलब्धता का दावा कर रही है,। लेकिन विभिन्न टीकाकरण केंद्रों पर टीका न होने से टीकाकरण पर असर पड़ रहा है।

पड़री अस्पताल परिसर में बनाए गए टीकाकरण केंद्र पर कोविशील्ड टीका लगातार आठवें दिन भी नहीं आने के कारण लोगों को टीका नहीं लगाया जा सका। बिना सूचना के टीकाकरण कार्य बंद होने से सैकड़ों लोगों को हर दिन मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। उधर स्लाट बुक नहीं हो पाने से लोग परेशान हैं। सुनिए ग्रामीणों की पीड़ा: पड़री पांडेय की कुसुम देवी एक सप्ताह से हर दिन नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री बाजार जाती हैं लेकिन वैक्सीन न आने से वापस लौटना पड़ता है। कहती हैं कि कोई स्पष्ट सूचना न होने से कि टीकाकरण होगा कि नहीं परेशान होना पड़ रहा है। भरौली की सुनीता सिंह कहती हैं कि पहली डोज लग गई है अब दूसरी डोज लगवाने के हर रोज अस्पताल का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। मुजुरी खुर्द के अभिषेक ने कहा कि सरकार टीकाकरण की सर्वसुलभ व्यवस्था की दावा भले कर रही हो। लेकिन वास्तविकता यह है काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परसिया अभिलाष गांव के मोनू सिंह ने कहा कि टीकाकरण कल होगा कि नहीं इसकी पूर्व सूचना नही मिलने से रोज परेशान होना पड़ रहा है। इसी तरह की शिकायत नंद जी प्रसाद,अशोक, गुंजा गुप्ता, सरिता कुमारी, संगीता कुमारी आदि लोगों ने टीकाकरण कराने की मांग की।

# मानक परखने के बाद लौटी एनएमसी टीम

देवरिया। महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कालेज) के अनुमोदन के लिए मानक परखने के बाद नेशनल मेडिकल कमीशन की टीम लौट गई। दो दिवसीय दौर पर आई टीम ने मानक के संबंध में सभी जानकारी हासिल की। साथ ही अभिलेखों को प्राप्त किया। दूसरे दिन टीम मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य कक्ष के बगल वाले कक्ष में सभी अभिलेखों को सहेजने में लगी थी। अभिलेखों की जांच की और उसे अपलोड किया। एक–एक चीज की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी कराई। कुछ को साथ ले गई और कुछ को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किया। टीम जाने के बाद मेडिकल कालेज प्रशासन सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद जता रहा है। मान्यता मिलने के बाद मेडिकल कालेज में इस वर्ष एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू की जानी है।

इसके लिए तीन डिपार्टमेंट एनाटामी, फिजियोलाजी, बायोकेमेस्ट्री को चालू किया जाएगा। टीम में शामिल डा. कुसा कुमार शाहा, (पुडुचेरी) व प्रोफेसर डा. प्रदीप गर्ग (रोहतक) ने एक–एक बिदुओं पर जानकारी ली। टीम ने प्रधानाचार्य डा. एएम वर्मा से प्रगति जानी। उन्होंने रिकार्ड के साथ बिदुवार जानकारी दी। टीम ने डाक्टरों की फाइल जांच की। जिसमें 31 फैकल्टी शिक्षकों में असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर की नियुक्ति की गई है। 17 सीनियर व 50 जूनियर रेजिडेंट की नियुक्ति व उनके अभिलेखों की जांच की। डाक्टरों के अभिलेख को टीम ने इंटरनेट व विभागीय साइट पर अपलोड किया। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से निर्माण कार्यों की जानकारी ली। टीम दोपहर में रवाना हुई तो सभी लोगों ने राहत की सांस ली। यहां मुख्य रूप से डा. प्रकाश श्रीवास्तव, एनाटामी के एचओडी डा. मृत्युंजय पांडेय, फिजियोलाजी के एचओडी डा. एसएल वर्मा, बायोकेमेस्ट्री की एचओडी डा. श्वेता सिंह, सर्जरी के प्रो. डा. संजय भट्ट, डा. शालिनी गुप्ता, डा. बबिता कपूर, डा. दयाशंकर, डा. माया सिंह, डा. विजय शंकर मौर्या, डा. एचके मिश्र, जेई प्रशांत सिंह आदि मौजूद रहे। टीम के सवाल पूछने पर पसीने–पसीने रहे चिकित्सा शिक्षक टीम ने बिदुवार जांच के दौरान जब सवाल किया तो एयर कंडीशनर में भी कई डाक्टरों को पसीने छूट रहे थे। टीम के सदस्यों ने काफी अच्छा व्यवहार किया। जो भी सवाल पूछे गए, उसका जवाब प्रधानाचार्य डा. एएम वर्मा ने दिया।

# डॉ. अर्जुन मिश्र आयोग से प्राचार्य चयनित,लोगो ने दी बधाई

## जिले से इकलौते प्रोफेसर का प्राचार्य पद पर हो सका चयन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ शिवपति पीजी कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अर्जुन मिश्र को उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग, प्रयागराज ने प्राचार्य पद के लिए चयनित किया है। डॉ. मिश्र जिले के इकलौते प्रोफेसर हैं जिनका प्राचार्य पद पर चयन हो सका है। आयोग ने अशासकीय महाविद्यालयों में प्राचार्य पद पर चयनित लोगों की सूची जारी की है। 263 लोगों की मुख्य सूची व 66 लोगों की प्रतीक्षा सूची में शोहरतगढ़ शिवपति पीजी कॉलेज में राजनीति विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अर्जुन मिश्रका चयन हुआ है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ. मिश्र ने अब तक 9 पुस्तकों की रचना की है। विभिन्न



प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में इनके डेढ दर्जन से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। इसके अलावा दो प्रतिष्ठित जर्नल के संपादक मंडल के सदस्य होने के साथ–साथ उत्तर प्रदेश राजनीति विज्ञान परिषद के उपाध्यक्ष भी हैं। शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत भारतीय शिक्षण मंडल गोरक्ष प्रांत के अध्यक्ष होने के साथ अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत सिद्धार्थनगर में संगठन मंत्री के दायित्व का भी इन्होंने निर्वहन किया है। इसके अलावा दो स्मारिका का संपादन, संघ के वरिष्ठ प्रचारक दंत्तोपंथ ठेंगड़ी पर विशेषांक का संपादन भी किया है। इनके चयन पर पूर्व कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय डॉ. रजनीकांत पांडेय, प्रो. दीपक मिश्र. डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ. धर्मव्रत तिवारी, डॉ. शिव बिहारी पांडेय, डॉ. अमित उपाध्याय, प्रो. विनिता पाठक (पूर्व अध्यक्ष राजनीति विभाग, गोरखपुर), प्रो. शरद मिश्र, भारतीय शिक्षण मंडल के देवेंद्र पनवार, प्रो. मनोज दीक्षित, डॉ. विजयानंद, ग्राहक पंचायत के डॉ. ओंकारनाथ तिवारी, डॉ. विमल द्विवेदी, डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र समेत कॉलेज के शिक्षक, शुभचिंतकों ने बधाई दी।

# नाग पंचमी के अवसर पर आयोजित विशाल कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

हाटा कुशीनगर।विधानसभा हाटा क्षेत्रान्तर्गत नवसृजित नगर पंचायत सुकरौली के सेमरी में मटहां ग्राउंड में नाग पंचमी के पावन अवसर पर विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय भजन सम्राट नंदू मिश्रा जी विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक पवन केडिया जी वरिष्ठ भाजपा नेता आदित्य प्रताप सिंह जी विशाल कबड्डी प्रतियोगिता में सम्मिलित रहे क्षेत्रीय विधायक ने कबड्डी प्रतियोगिता पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संस्कृति से जुड़े होने का खेल कबड्डी को बताते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया अंतरराष्ट्रीय भजन गायक नंदू मिश्रा जी ने कबड्डी खेल को भारत की प्रमुख खेलों में होने पर प्रकाश डालते हुए प्रतियोगिता में सम्मिलित खिलाड़ियों को भजन के माध्यम से प्रोत्साहित करने के साथ–साथ आशीर्वचनो से धन्यवाद किया मंच का संचालन भोजपुरी फिल्म कोरियोग्राफर संदीप पाण्डेय ने किया विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा युवा नेता आदित्य प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया कार्यक्रम के आयोजक एडवोकेट विमलेश कुमार मिश्रा व संरक्षक पूर्व प्रधान तारा प्रसाद पाठक रहे विशाल कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा में कुल 12 टीमें सम्मलित रहीं फाइनल मुकाबले में शुगर मिल ढांढा व शहीद बन्धु की टीम प्रतिभागी रहीं जिसमें शुगर मिल ढांढा को 1प्वाइंट पाकर संतोष करना पड़ा जिसे उपविजेता टीम घोषित किया गया जबकि शहीद बन्धु टीम 10 प्वाइंट प्राप्त किया जिसे आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता टीम घोषित किया गया कबड्डी प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका मुस्तफा अंसारी ने किया इस दौरान क्षेत्र से उपस्थित गणमान्य में मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक पवन केडिया भाजपा नेता आदित्य प्रताप सिंह ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील अध्यक्ष हाटा वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार युवा सपा नेता सुनील दत्त शाही पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता वरुण जायसवाल प्रिंस जायसवाल गजेन्द्र मिश्र मखणु मद्धेशिया मोहन मिश्रा उमाशंकर मिश्रा पत्रकार पप्पू गुप्ता बलराम यादव राजन मिश्रा अभिषेक ठाकुर जितेंद्र ठाकुर संदीप पाण्डेय दीपचंद यादव नरेन्द्र मिश्रा जेपी शर्मा शैलेन्द्र मिश्रा बेचू मिश्रा नीरज मिश्रा प्रमोद मिश्रा सुरेंद्र भारती मुक्तिनाथ शर्मा धनन्जय मिश्रा आदि मौजूद रहे

## गांवों में खेल मैदान के लिए प्रोजेक्ट तैयार करें: सीडीओ

महराजगंज। मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में ग्राम पंचायतों में मनरेगा से कार्य कराने के लिए सभी एपीओ व तकनीकी सहायकों को कार्ययोजना तैयार करने व क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि गांवों में खेल मैदान के लिए प्रोजेक्ट व प्राक्कलन तैयार कर यथाशीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराएं, लेकिन भूमि के चयन में सावधानी बरतें। यह ध्यान रखा जाए कि ग्राउंड में सभी आवश्यक चीजें स्थापित किया जा सके तथा विवाद का कारण न हो। लखनऊ से आए प्रशिक्षक प्राविधिक परीक्षण टीएसी ग्राम्य विकास अधिकारी आरपी चौधरी व तकनीकी सहायक कुलदीप सिंह ने प्रशिक्षण दिया। मनरेगा के अंतर्गत खेल का मैदान, बडेध तालाब, नर्सरी, पोषण वाटिका,खेलकूद में तकनीकी मापी, सिविल इंजी. की बेसिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में जिला विकास अधिकारी जगदीश त्रिपाठी, गिरजा शंकर पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पानी से डूबी रहीं सड़कें, बढ़ी परेशानी

महराजगंज । नगर पालिका में जलनिकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम न होने से जलजमाव की समस्या बढ़ी हुई है। पिछले वर्ष शहर के बीच से राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण की वजह से पुरानी नालियां जहां न सिर्फ ध्वस्त हो गई बल्कि राष्ट्रीय राजमार्ग के ऊंचा हो जाने से नगर काफी नीचे हो गया है और उनसे निकलने वाली नालियों का पानी इसी कारण बाहर नहीं निकल पाता है। पिछले छह माह से नागरिक जलनिकासी की समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका है। झमाझम बारिश के कारण सड़कों पर जहां पानी लगा रहा, वहीं मोहल्लों की सड़कें भी पानी में डूबी रहीं। सरकारी कार्यालयों में भी पानी लगा रहा, जिससे नागरिकों को आने–जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। सरकारी कार्यालयों के परिसर में पानी भरने से फरियादियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रात से ही जारी बारिश . भी पूरे दिन होती रही। बारिश का पानी बढ़ने के कारण नगर के लोहिया नगर, राजीव नगर, शास्त्रीनगर सहित कई मोहल्ले की सड़कें पानी में डूब गई। आफिसर कालोनी में पानी भरने की शिकायत पर नगर पालिका के कर्मचारियों का पंपिगसेट लगाकर पानी निकालने का काम पूरे दिन जारी रहा। इसके बावजूद देरशाम तक ब्लाक कार्यालय, कोतवाली, आबकारी आदि में बारिश का पानी लगा रहा।

## ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने से बढ़ी परेशानी

महराजगंज । नगर पालिका में जलनिकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम न होने से जलजमाव की समस्या बढ़ी हुई है। पिछले वर्ष शहर के बीच से राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण की वजह से पुरानी नालियां जहां न सिर्फ ध्वस्त हो गई, बल्कि राष्ट्रीय राजमार्ग के ऊंचा हो जाने से नगर काफी नीचे हो गया है और उनसे निकलने वाली नालियों का पानी इसी कारण बाहर नहीं निकल पाता है। पिछले छह माह से नागरिक जलनिकासी की समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका है। नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णगोपाल जायसवाल ने बताया कि ड्रेनेज सिस्टम के निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। शेष जलनिकासी के प्रबंध किए जा रहे हैं।

## 14 एएनएम का वेतन बाधित, 23 आशा कार्यकर्ताओं को नोटिस

महराजगंज। लक्ष्मीपुर सीएचसी अंतर्गत क्षेत्र में संस्थागत प्रसव में लापरवाही बरतने पर अधीक्षक डा. दिवाकर राय ने 14 एएनएम का वेतन बाधित किया है, जबकि 23 आशा कार्यकर्ताओं को नोटिस दिया है। सीएचसी अधीक्षक डा. दिवाकर राय ने बताया कि गांव में संस्थागत प्रसव में कुछ एएनएम व आशा कार्यकर्ता द्वारा लापरवाही बरती गई, जिसे देखते हुए 14 एएनएम का वेतन बाधित किया गया है और 23 आशा कार्यकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। एक सप्ताह में स्पष्ट जवाब न मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## नौतनवा–खनुआ मार्ग पर तस्करी का बदला पैंतरा

महराजगंज। तस्करी के लिए चर्चित नौतनवा–खनुआ मार्ग पर प्रशासन व एसएसबी के तमाम जतन पर तस्कर हावी पड़ रहे हैं। तस्करों ने अब पैंतरा बदलते हुए शाम से लगाए सुबह तक तस्करी के सामान को नेपाल भेजने का सिलसिला शुरू कर दिया है। खनुआ गांव में पिकअप व जीप से चीनी, कपड़ा व उर्वरक की खेप डंप की जा रही है। फिर उसे कैरियर के माध्यम से नेपाल भेज दी जा रही है। तस्करी के इस खेल ने एसएसबी के सरहद पर चौकसी के दावे की पोल खोल दी है। महज 3000 की आबादी वाले खनुआ गांव में प्रति दिन छह पिकअप व एक जीप चक्कर पर चक्कर माल ढो कर पहुंचा रहे हैं। नौतनवा के कुछ बड़े चीनी व कपड़े के दुकानदार भी इस तस्करी में शामिल बताए जा रहे हैं। एसपी प्रदीप गुप्ता ने बताया कि तस्करी पर नकेल कसने के लिए सीमावर्ती थानों को निर्देशित किया गया है। तस्करी में लिप्त तस्करों को पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विकास से उपेक्षित ग्रामीणों ने जाहिर किया विधायक के प्रति अपना गुस्सा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

राठ (हमीरपुर)। विधान सभा क्षेत्र की सरीला तहसील के हरसुंडी गांव सहित अन्य गांव के ग्रामीणों ने अपनी उपेक्षा से आहत होकर क्षेत्रीय विधायक के प्रति अपना गुस्सा जाहिर किया है। ग्रामीणों ने विधायक पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक ने सभी विकास कार्य सिर्फ अपने चहेते गांवों में ही कराये है और उन्हें उपेक्षित रखा है। आवागमन की सुविधा भी क्षेत्र के कई गांवों में नही है और बरसात में कीचड़ व पानी से होकर लोग निकलने के लिए मजबूर है और नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।विधान सभा क्षेत्र के हरसुंडी गांव के ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक के प्रति अपना गुस्सा जाहिर करते हुए आरोप



लगाया कि विधायक ने पक्षपात करते हुए क्षेत्र में विकास कार्य सम्पन्न किये है और उनका व अन्य बहुत से गांव उपेक्षित हैं। ग्रामीणों ने कहा कि प्रदेश की योगी व केंद्र की मोदी सरकार बिना किसी पक्षपात के सभी के लिए समान सुबिधाऐं मुहैया करा रही है जबकि विधायक ने इतना समय बीतने के बाद भी उन्हें उपेक्षित रखते हुए आज भी नारकीय जीवन जीने को मजबूर रखा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस पंचवर्षीय में अभी तक गांव में सांसद निधि से सिर्फ दो छोटी–छोटी एलईडी स्टेट सोलर लाईट स्थापित की गई है। अन्य किसी भी तरह का विकास कार्य नहीं कराया गया। गांव की सड़कें भी खराब हैं और सम्पर्क मार्ग भी खराब है। आवागमन के लिए ग्रामीण परेशान है और लोग कीचड़ भरे रास्ते से निकलने को मजबूर है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उनकी तरह क्षेत्र में और भी काफी गांव विधायक की उपेक्षा का शिकार हुए हैं और अपने विकास के लिए तरस रहे हैं। प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार की तरीफ करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि विधायक ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के मंशा के विपरीत काम किये है और वह सभी आगामी चुनाव में विधायक का विरोध करेंगे।

# लीलौर झील का जीर्णोद्धार अधूरा,जिसे प्रशासन नही कर पाया पूरा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बरेली। जनपद के तहसील आंवला के ब्लाक रामनगर में एक महा भारत काल से जुड़ी एक प्रसिद्ध लीलौर झील अपनी कहानी समय समय पर कहती रहती है लेकिन सुनने को कोई तैयार नहीं हम बात कर रहे हैं ऐसी प्रसिद्ध लीलौर झील की जो हमेशा सुर्खियों में रही है लेकिन लीलौर झील आज तक अपने हाल पर ही आंशु बहा रही है बता दे कि लीलौर झील एक भारत के



इतिहास को दोहराती है कि जिस समय कौरबो और पांडबों के बीच महा भारत चल रहा था बताते है की उसी समय यक्ष ने पांडबों से जो प्रशन किये बह लीलौर झील पर ही किये गये थे बताया जाता है इसी लीलौर झील को महा भारत काल से जोड़ा जाता है जो कि भारत का इतिहास बार बार दोहराती है बता दे कि सपा सरकार में लीलौर झील का जीर्णोद्धार को केन्द्र सरकार से लगभग सोलह करोड़ रुपये की धनराशी प्रदान की गई थी जिसमें लीलौर झील का सौंदर्य करण करवाने तमाम बस्तुओं को लाया गया था लीलौर झील पर चिडिया घर व पर्यटक स्थल का नाम सामने आया था जिसमे सरकार ने लीलौर झील पर खुदाई करा कर चारो ओर से निर्माण किया गया था जिसमे सपा सरकार में आठ करोड़ अड़तीस लाख की धन राशी खर्च भी की गयी लेकिन अधुरी प्रसिद्ध लीलौर झील आज तक पुरी न हो सकी जो कि अपने हाल पर रो रही है प्रसिद्ध लीलौर झील के क्षेत्र बासियों ने बताया कि जो सपा सरकार लीलौर झील अधूरी छोड़ी थी जिसे सरकार साढे चार साल में भी उसे भी पुरी नहीं कर पाये।

# विधायक निधि से स्थापित एक्सरे मशीन का हुआ उद्घाटन

बस्ती । प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं मातृ शिशु कल्याण मंत्री जय प्रताप सिंह ने बनकटी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कराने की घोषणा किया है। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया है कि बनकटी में निःशुल्क भूमि की उपलब्धता के साथ प्रस्ताव उपलब्ध कराएं। बनकटी पीएचसी में लगभग रू0 900000 की लागत से विधायक निधि से स्थापित एक्सरे मशीन का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत सरकार तथा राज्य सरकार मिलकर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने में विशेष प्रयास कर रही है। हम सभी छोटे बड़े अस्पतालों एवं एएनएम सेंटर तथा हेल्थ वैलनेस सेंटर को संसाधन एवं स्टाफ से सुदृढ़ कर रहे हैं। सभी आशाओं को एक मोबाइल फोन दिया जाएगा, जिससे कि वे समय से सूचनाओं का आदान प्रदान कर सकें।

उन्होंने कहा कि मार्च 2020 से हम वैश्विक महामारी कोरोना से संघर्ष कर रहे हैं। इस दौरान हमारे स्वास्थ्य कर्मियों, डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा है। कोरोना की तीसरी संभावित लहर को देखते हुए बच्चों की सुरक्षा के लिए हमने अपनी तैयारी लगभग पूरी कर ली है। उन्होंने सभी से अपील किया कि कोरोना से सुरक्षित रहने के लिए नियमित रूप से मास्क लगाएं तथा सुरक्षा कवच के रूप में टीका अवश्य लगवाएं। उन्होंने बताया कि पूरे देश में 50 करोड़ से अधिक लोगों को टीका लग चुका है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य उप केंद्रों की क्षमता 3 से बढ़ाकर 5 बेड की की जा रही है। इसी प्रकार पीएचसी की क्षमता 30 बेड से बढ़ाकर 50 बेड की जा रही है। हमने तय किया है कि हेल्थ वैलनेस सेंटर की संख्या 7000 से बढ़ाकर पूरे प्रदेश में 25000 की जाएगी। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिया है कि आशाओं का बकाया मानदेय का भुगतान प्राथमिकता पर करना सुनिश्चित करें।



उन्होंने आशाओं से भी अपील किया कि उनका कार्य अब बढ़ गया है। संचारी रोग अभियान, दस्तक अभियान, टीबी रोगी खोज अभियान, नियमित टीकाकरण के साथ–साथ कोविड–19 टीकाकरण कराना प्राथमिकता में शामिल है। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जहां एक ओर किसानों का कर्ज माफी का ऐतिहासिक कार्य किया गया है, वहीं दूसरी ओर संगठित अपराध के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई है। प्रदेश के बड़े माफियाओं को भी नहीं छोड़ा गया है और उनके अवैध निर्माणों को गिराया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड गठित करके नियमित अभियान चलाकर उनको सुरक्षा प्रदान की गई है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी कार्यक्रम संचालित किए गए हैं। प्रत्येक वर्ष मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं को जागरूक किया गया है। प्रदेश में 13000 से अधिक महिला स्वयं सहायता समूह को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत कोटे की दुकान आवंटित की गई है। ऐसे समूहों को रू0 70000 का ऋण उपलब्ध करा कर उन्हीं से बैग भी तैयार कराया जाएगा, जिसमें वह खाद्यान्न का वितरण भी करेंगी। महिला स्वयं सहायता समूह को सामुदायिक शौचालय के संचालन का दायित्व दिया जा रहा है, जिससे कि उनके आय में वृद्धि हो सके। बिजली का बिल वसूल करने के लिए उनको जिम्मेदारी दी जा रही है। इसके लिए उनको अलग से मानदेय दिया जाएगा।

इसके पूर्व उन्होंने पीएचसी बनकटी में विधायक निधि से स्थापित डिजिटल एक्सरे मशीन का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्हे एक्सरे मशीन के बारे मे एसीएमओ डॉ0 फखरेयार हुसैन ने आवश्यक जानकारी दिया।

समारोह को संबोधित करते हुए महादेवा के विधायक रवि सोनकर ने कहा कि करोना काल में उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों की परेशानी को महसूस किया। उन्होंने उसी समय आश्वासन दिया था कि विधायक क्षेत्र विकास निधि बहाल होने पर वे पीएचसी को डिजिटल एक्सरे मशीन अवश्य उपलब्ध कराएंगे और इसका उद्घाटन प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री द्वारा ही कराएंगे।

उन्होंने कहा कि पूर्व में यहां पर सीएचसी का निर्माण कराया जाना था, जो मुंडेरवा में बन गया। बनकटी नगर पंचायत के लगभग डेढ़ लाख जनता के दुख दर्द को ध्यान में रखते हुए उन्होंने बनकटी में ही सीएचसी का निर्माण कराए जाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री से अनुरोध किया, जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए घोषित भी कर दिया है। इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

समारोह को अश्वनी उपाध्याय, जगदीश शुक्ला, अरविंद पाल, रघुनाथ सिंह ने भी संबोधित किया तथा क्षेत्र की समस्याओं से स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया। वक्ताओं ने बनकटी में महिला चिकित्सक के नियुक्त करने की भी मांग किया है। कार्यक्रम का संचालन प्रधान संघ के अध्यक्ष रवि चंद्र पांडे ने किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे, अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ0 चंद्र प्रकाश कश्यप, सीएमओ डॉ0 अनूप कुमार, एसीएमओ डॉ0 फखरेयार हुसैन, डॉ0 सीके वर्मा, परियोजना निदेशक कमलेश सोनी, एसडीएम सदर पवन जयसवाल, विवेकानंद शुक्ला, मनमोहन त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र तिवारी, मोहंती दुबे, जगदंबा शुक्ला, अखिलेश शुक्ला, डॉ0 अनिल मौर्य, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि तथा विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रातः 8 बजे सभी सरकारी/गैर सरकारी भवनों पर किया जायेगा ध्वजारोहणः वैभव श्रीवास्तव

रायबरेली ।आजादी के 75 वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त–2021 स्वतंत्रता दिवस व देश की आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसमें आत्म निर्भर भारत, नारी शक्ति व गरीबों एवं पीड़ितों को शक्ति नई ऊर्जा देने वाला आजादी का अमृत महोत्सव जो की आगामी वर्ष 2023 तक मनाया जायेगा। जनपद में मुंशीगंज शहीद स्थल सहित सभी 8 शहीद स्थलों पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के साथ–साथ शहीदों को नमन व श्रद्धासुमन अर्पित किये जा रहे है। 15 अगस्त को प्रातः 8:00 बजे कलेक्ट्रेट, विकास भवन, पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित सभी सरकारी, गैर सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। जिसमें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य के साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क का प्रयोग व सेनेटाइजर का प्रयोग करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया जाये। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को परम्परागत ढंग से सादगी के साथ मनाया जायेगा तथा निर्धारित समय के अनुसार झंडा अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन भी होगा। राष्ट्रीय ध्वज में गुलाब की पंखुड़ियाँ बाँधकर फहराया जा सकता है। उन्होने विद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में भी सोशल डिस्टेसिंग, मास्क सेनेटाइजर व प्रोटोकाल के अनुरूप ध्वजारोहण हेतु नियत समय पर ध्वजारोहण करने का जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव व मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया द्वारा निर्देश दिये गये है। 15 अगस्त को हर्षोल्लास व सादगी के साथ मनाए जाने की संबंधित अधिकारी पूरी तरह से तैयारियां दुरूस्त रहें। स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े ऐतिहासिक भवनों एवं मूर्तियों को प्रकाश मान 14 व 15 की रात्रि तक किया जाना है। 14 अगस्त के दिन शहीद स्मारक मुंशीगंज में पुष्पांजलि एवं भारत माता के मंदिर में शहीदों को नमन व सई नदी में सायंकाल 100 से अधिक दीपों का दीपदान तथा स्मारक को प्रकाश मय विकास प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस को कोविड–19 कोरोना वायरस से बचाव व रोकथाम के दृष्टिगत रखते हुए हेल्पडेस्क को पूरी तरह से सक्रिय रखा जाये। हेल्पडेस्क के इर्द–गिर्द सूचना विभाग से पूर्व की भांति नवीन मुफ्त टीका लगवाये कोरोना को हराएँ पोस्टर कोरोना से बचाना है आसान बातो का रखे ध्यान दो गज की दूरी मास्क है जरूरी पोस्टर प्राप्त कर अपने कार्यालयों के समक्ष चस्पा करें। इसके अलावा इरादे नेक काम अनेक फोल्डर आदि प्राप्त कर आम जनमानस में वितरित करें। कलेक्ट्रेट परिसरधविकास भवन एवं जनपद के सभी समस्त सरकारीध्गैर सरकारी संस्थानों में देश भक्ति गीतो की रिकार्डिंग 8:00 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को माल्यार्पण तथा सम्मान भी किया जायेगा। इसके अलावा वृक्षारोपण भी किया जायेगा। सीएमओ द्वारा अपरान्ह 1 बजे से 2 बजे तक जिला अस्पताल में असहाय, गरीब, निर्बल व कुष्ठ रोगियों को फलों का वितरण, डीएफओ द्वारा वृक्षारोपण किया जायेगा। वृक्षारोपण किया जाए तथा साथ ही स्वतन्त्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व पर एकता, आपसी भाईचारे, आपसी सद्भाव पर बल दें।

# गर्वधारण पूर्व एवं प्रसूति पर्व निदान तकनीकी, लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम के तहत गर्भ में लड़का और लडकी की जांच करना/कराना कानून अपराधः रेनू

रायबरेली ।मुख्य चिकित्साधिकारी कक्ष में पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 जनपद सलाकार समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला महिला चिकित्सालय की अधीक्षक रेनू चौधरी ने समिति के सदस्यों से कहा कि बेटियां भारत की शान होती है इन बच्चों को पढ़ा लिखाकर जागरूक कर आगे बढ़ाये। जब इन्सान को मां, बहन, पत्नी चाहिए तो फिर बेटी क्यों नही चाहिए। गर्वधारण पूर्व एवं प्रसूति पर्व निदान तकनीकी, लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम सरकार का बेटियों के सरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण अधिनियम है इसके तहत बेटियों के संरक्षण का अधिकार प्रदान किया है। इसके तहत गर्भ में लड़का और लडकी की जांच करनाध्कराना कानून अपराध है। ऐसी किसी भी जगह कन्याओं के विरूद्ध सूचना मिलती है उसको जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, सीएमओ तथा पीसीपीएनडीटी एक्ट जनपद स्तरीय सलाहकार समिति के अध्यक्ष रेनू चौधरी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 वीरेन्द्र सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. खालिद रिजवान, सदस्य डॉ अल्ताफ हुसैन रेडियोलाजिस्ट, डॉ0 राजेन्द्र शर्मा बाल रोग विशेषज्ञ, उप निदेशक सूचना प्रमोद कुमार, सुश्री मीनू त्यागी, श्रीमती पद्मजा मिश्रा, प्रभा द्विवेदी व जिला शासकीय अधिवक्ता आदि सहित सभी एसडीएम को बता सकते है। बिना पंजीकरण अल्ट्रासाउंड केन्द्र चलाना कानून अपराध है। गर्भ में लड़काध्लडकी की जांच हेतु किसी प्रकार का प्रचार प्रसार करना कानूनी अपराध है। सभी लोग मिलकर प्रयास करे कि कानून कि कन्यों, बेटियों आदि का संरक्षण करें।

बैठक में सदस्यों द्वारा एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति की अध्यक्ष रेनू चौधरी ने कहा कि जो भी बैठक के प्रस्तावध्एजेण्डा बिन्दु सदस्यों के विचार जानकर ही उनका अनुमोदन किया जायेगा। इसके अलावा बैठक में रखे गये नवीन खोले जाने वाले डायग्नोस्टिक सेंटरों की पत्रावलियों पर भी विस्तार से देखा गया। उप निदेशक सूचना प्रमोद कुमार सदस्य सहित आदि सदस्यों द्वारा प्रस्तुत पत्रावलियों में लगे शैक्षिक अंक पत्रों के प्रतियों को किसी राजपत्रित अधिकारियोंध स्वतः प्रमाणित कराकर दी जाए इसके अलावा सभी तकनीकी जांच अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 खालिद रिजवान व डॉ अल्ताफ द्वारा किया जाए। इसके अलावा सदस्यों द्वारा आमजन को इस एक्ट के बारे में जानकारी हो अपनी शिकायत समिति से कर सके सभी नर्सिंग होम अस्पताल में इस समिति के सदस्य का बोर्ड मो0नं0 सहित लगवाया जाए। इसके अलावा कोरोना टीकाकरण व जागरूकता के पोस्टर भी लगवाया जाए। बैठक में डीएस अस्थाना, सूचना के मो0 राशिद भी उपस्थित रहे।

# मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्य सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

हाटा कुशीनगर ।विकास खण्ड सुकरौली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत अवरवा के टोला महादनपुर में हनुमान जी की मंदिर निर्माण हेतु



भूमि पूजन व शिलान्यास की प्रक्रिया वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ पुरोहित पंडित रामब्यास मिश्र व रामनयन तिवारी जी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर विधि विधान से क्षेत्रीय विधायक पवन केडिया जी के द्वारा भूमि पूजन व शिलान्यास की वैदिक औपचारिकता की कार्य सम्पन्न किया गया हनुमानजी के मंदिर निर्माण कार्य में भूमि पूजन व शिलान्यास के दौरान यजमान के रूप ग्राम प्रधान जयप्रकाश गौड़ व अशोक गुप्ता की उपस्थित रही इस दौरान क्षेत्रीय महामंत्री श्री भागवत चौहान मंडल महामंत्री भोरिक चौहान पूर्व प्रधानसंघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता पत्रकार पप्पू गुप्ता आदिश्वर तिवारी नागेंद्र त्रिपाठी मंडल सहसयोंजक आईटी सेल विजेन्द्र कुमार शर्मा उर्फ भोलू रंजीत सिंह रामगोपाल मद्धेशिया अमर सिंह जेपी शर्मा बीपी शर्मा वरुण जायसवाल प्रिंस जायसवाल प्रधानप्रतिनिधि रिंकू गौड़ धनन्जय गौड़ मन्नू सिंह श्रीकिशुन मद्धेशिया चन्द्रशेखर गुप्ता बसन्त शर्मा उमाशंकर गुप्ता नन्हे पाण्डेय राजीव त्रिपाठी सर्वेश त्रिपाठी मार्कण्डेय मद्धेशिया पप्पू तिवारी नन्हे यादव आदि मौजूद रहे।

# टर्मलोन ऋण योजना की तिथि बढ़ी अब अन्तिम हुई 20 अगस्त

रायबरेली। उ0प्र0 अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम लि0 लखनऊ द्वारा टर्म लोन ऋण योजना के अन्तर्गत जनपद में अल्पसंख्यक वर्ग (मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, पारसी एवं जैन) के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को न्यूनतम रू0 1.00 लाख व अधिकतम रू0 20.00 लाख तक की परियोजनाओं (एग्रीकल्चर एवं एलाइड टेक्निकल ट्रेडर्स, स्मॉल बिजनेस, आर्टिजन एवं ट्रांसपोर्ट एण्ड सर्विस सेक्टर) पर 6 प्रतिशत वार्षिक दर पर ऋण उपलब्ध कराया जायेगा तथा लाभार्थी द्वारा ऋण की वापसी 05 वर्षों में 20 समान त्रैमासिक किस्तों मे की जायेगी परियोजना लागत का 90 प्रतिशत एन0एस0डी0एफ0सी0 द्वारा तथा 05–05 प्रतिशत यू0पी0एम0एफ0डी0 सी0ध्लाभार्थी द्वारा अपने स्रोतों से लगाया जायेगा। लाभार्थी की पात्रता के सम्बन्ध में सूच्य है कि लाभार्थी उ0प्र0 से अल्पसंख्यक समुदाय का मूल निवासी हो, लाभार्थी के पारिवारिक आय ग्रामीण क्षेत्र हेतु रू0 98,000 व शहरी क्षेत्र हेतु 1,20,000 से अधिक न हो इस योजनान्तर्गत ऐसे लाभार्थियों को भी जिनके परिवार की वार्षिक आय गरीबी रेखा के दोगुने से अधिक किन्तु रू0 08 लाख से कम हो को भी 08 प्रतिशत व्याज की दर से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक हो, निगम की मार्जिन मनीध्टर्मलोन योजना में इससे पूर्व लाभ न प्राप्त किया हो। उक्त योजनान्तर्गत आवेदन पत्र जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि 20 अगस्त 2021 अब निर्धारित की गयी है, इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर अन्तिम तिथि 20.08.2021 तक जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। अन्तिम तिथि के पश्चात प्राप्त हुए आवेदन पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

# 20 अगस्त तक मजिस्ट्रीरियल जांच सम्बन्धी साक्ष्य/बयान देंः एसडीएम

रायबरेली ।जिला मजिस्ट्रेट वैभव श्रीवास्तव के निर्देशानुसार विगत माह 13 मई 2021 को समय 22:30 बजे विनय कुमार पुत्र लाला सोनकर निवासी सर्राफा मंडी लालगंज जनपद रायबरेली की निजी बस प्रयागराज क्षेत्र लालगंज डिपो का वाहन संख्या यू0पी0 72एटीध0664 से दुर्घटना से मृत्युध्घायल हो जाने की घटना हुई।

घटित घटना की मजिस्ट्रीरियल जांच उपजिला मजिस्ट्रेट लालगंज विजय कुमार द्वारा की जा रही है। उक्त घटना के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई लिखित अथवा मौखिक साक्ष्यध बयान अथवा कोई जानकारी देनी हो तो वह उपजिला मजिस्ट्रेट लालगंज के कार्यालय में 20 अगस्त 2021 तक के मध्य अवकाश दिनों को छोड़कर कार्यदिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे के मध्य उपस्थित होकर अपना साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

# दुकान बंदकर घर जा रहे दुकानदार से बाइक सवार बदमाशों ने लूटे साढ़े आठ हजार रूपये

## रात में होने वाली वारदातों पर सिधौली पुलिस अंकुश लगाने में नाकाम

सिधौली (सीतापुर)। सिधौली कोतवाली कस्बे में रात में होने वाली वारदातों पर सिधौली पुलिस अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। बीती रात लूट की वारदात को अंजाम देकर लोग फरार हो गए। लेकिन सिधौली की बस्ती पुलिस सिर्फ क्षेत्र में टहलते रहती है। सिधौली कस्बे में बिसवां चौराहे पर दुकान बंदकर घर जा रहे एक पान दुकानदार से 8500 रुपये तीन बाइक सवार बदमाशों द्वारा हमलाकर छीन लिए गये। बीती देर रात सिधौली कस्बे में मोहल्ला संतनगर पश्चिमी निवासी दिनेश कुमार पुत्र रामकुमार के साथ घटी दिनेश ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह अपने बिसवां चौराहा स्थित पान की दुकान बंद करके देर रात वापस घर जा रहे थे। इसी दौरान 3 युवकों द्वारा उनके पीठ पर वार करके उनसे 8500 नगद एक मोबाइल छीन ले गये। पीडिघ्त दिनेश ने बाइक सवारों के बाइक का नंबर भी तहरीर में बताया है। उक्त मामले में कोतवाली प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि दोनों मामलों की जांच की जा रही है। उचित कार्यवाही की जाएगी। वहीं दूसरी घटना में बीती रात दबंगों ने कस्बे के तहसील मुख्य मार्ग पर आइसक्रीम का ठेला लगाने वाले से मारपीट की एवं मारपीट के बाद उससे पैसे छीनकर भाग गए। आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। लेकिन सिधौली की बस्ती पुलिस सिर्फ क्षेत्र में टहलते ही रह गई। जानकारी के अनुसार सिधौली कस्बे में एक राजस्थान निवासी आइसक्रीम विक्रेता शेक पीकर 3 दबंगों द्वारा पैसे मांगने पर आइसक्रीम विक्रेता की पिटाई कर दी गई और उससे पैसे छीन कर दबंग फरार हो गये। बीती देर रात सिधौली कस्बे में राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी देव गुर्जर जो सिधौली कस्बे में आइसक्रीम बेचने का कार्य करते हैं। बताते हैं कि बीती रात जब वह अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान हाइवे से सटे कस्बे के तहसील मार्ग पर तीन युवकों द्वारा उसे बादाम से किया गया और पैसे मांगने पर उसकी पिटाई कर दी गई। पिटाई के बाद युवक आइसक्रीम वाले से वैसे भी छीनकर भाग गये। स्थानीय लोगों द्वारा पीडिघ्त युवक की पीड़ा दिखाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। जिस पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करने की बात कही।

# नवोदय विद्यालय में प्रवेश दिलाने के नाम पर फर्जी विद्यालय प्रबंधक ने पीडिघ्त से की धन वसूली

सिधौली (सीतापुर)। नवोदय विद्यालय में प्रवेश दिलाने के नाम पर क्षेत्र के एक संचालित फर्जी विद्यालय प्रबंधक द्वारा पीडिघ्त से धन वसूली की गई और परीक्षा के दिन प्रवेश पत्र नहीं उपलब्ध करवाया गया। जिसके चलते पीडिघ्त बच्चे की मां कोतवाली सिधौली में व खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। लखनऊ निवासी अर्चना ने बताया कि उनका पुत्र अटरिया थाना क्षेत्र के जमुनीपुर गांव स्थित आदर्श सरस्वती शिक्षा निकेतन में अपनी नानी के घर रह कर पढ़ाई कर रहा था। विद्यालय प्रबंधक राजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा उसे नवोदय विद्यालय में प्रवेश दिलाने का आश्वासन दिया और उनसे 1500 रुपये लिए। जिसको लेकर नवोदय विद्यालय की परीक्षा की तारीख निकट आने पर जब उनसे बच्चे का प्रवेश पत्र की मांग की गई तो उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्दी ही प्रवेश मिल जाएगा। आज जब 11 अगस्त को नवोदय विद्यालय की परीक्षा आयोजित हो रही थी। इससे पूर्व जब उनसे दोबारा प्रवेश पत्र मांगा गया। तब उन्होंने बताया कि आपका फॉर्म रिजेक्ट हो गया था। जब उन्होंने इसकी जानकारी की तो पता चला कि। उनके पुत्र का फार्म ही नहीं भर गया पीडिघ्त अर्चना ने बताया कि उन्होंने अपने पुत्र के नवोदय विद्यालय में प्रवेश को लेकर काफी तैयारियां की जिसको लेकर उनका भी काफ ी पैसा खर्च हुआ और ऐन वक्त पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा इस प्रकार की धोखाधड़ी किए जाने से वह उसका पुत्र दोनों ही मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने कोतवाली सिधौली व खंड शिक्षा अधिकारी को एक लिखित शिकायत पत्र देकर विद्यालय पर कार्रवाई की मांग की। इस सम्बंध में खण्ड शिक्षाधिकारी पुष्पेंद्र जैन ने बताया कि शिकायत पत्र दिया गया है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## सपा के फ्रंटल संगठनों द्वारा मल्लावां बिलग्राम विधानसभा क्षेत्र में साइकिल यात्रा

हरदोई।समाजवादी पार्टी के फ्रंटल संगठनों द्वारा मल्लावां बिलग्राम विधानसभा के मटियामऊ से लेकर तेरवा कुल्ली लगभग 20 किलोमीटर तक सभी गांवों से होकर साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर नाजिम खान प्रदेश महासचिव युवजन सभा,अर्पित त्रिवेदी प्रदेश सचिव युवजनसभा,ओम प्रकाश पाल जिला कार्यकारिणी सदस्य,सपा नेता बृजेश वर्मा टिल्लू,,युवजन सभा के जिला अध्यक्ष हरिनाम सिंह यादव, यूथ ब्रिगेड के जिलाअध्यक्ष नीरज अवस्थी,लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष फैजान अहमद फैजी,पूर्व प्रदेश सचिव युवजन सभा अजबू यादव ने साइकिल चलाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों को जगह जगह रुककर ग्राम वासियों को बताया व 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बंनाने के लिए सभी से वादा लिया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड गिरिजाशंकर पाल,जिला उपाध्यक्ष युवजन सभा अनिल यादव,जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी विक्रम कुशवाहा,जिला सचिव लोहिया वाहिनी दिलशाद खान,अनस मंसूरी,बलवीर यादव, दिलीप यादव,सुभाष यादव,राहुल,हर्ष पटेल, सुभम पटेल सहित सैकड़ों युवजन सभा,यूथ ब्रिगेड व लोहिया वाहिनी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मनरेगा में अमानक कार्यों ओर अपात्रों को आवास दिये जाने की मुख्यमंत्री से की शिकायत

## रोजगार सेवक को अपने कार्यालय में बुलाकर अपात्रों को पात्र बनाते हुए झूठी रिपोर्ट लगाकर शिकायत का कर दिया निस्तारण

मिश्रिख (सीतापुर)। विकासखंड मिश्रित की ग्राम पंचायत बरमी के मजरा गजोधरपुर निवासी मनोहर लाल पुत्र बिंद्रा प्रसाद का आरोप है कि उन्होंने मनरेगा में अमानक कार्यों और अपात्रों को आवास दिए जाने की शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई थी। जिसकी जांच खंड विकास कार्यालय मिश्रित में तैनात अवर अभियंता लघु सिंचाई महेश कुमार को सौंपी गई थी। परन्तु जांच अधिकारी बिना स्थलीय निरीक्षण किए ही रोजगार सेवक अमित कश्यप को अपने कार्यालय में बुलाकर अपात्रों को पात्र बनाते हुए झूठी रिपोर्ट लगाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया है। वहीं ग्राम पंचायत सरसंई के मजरा अहलादखेड़ा निवासिनी कमला पत्नी जयपाल ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर अवर अभियंता महेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए बर्खास्त करके एफ आईआर दर्ज कराने की मांग की है। आरोप है कि उसके पति जयपाल ने खंड विकास अधिकारी रामकुमार उपाध्याय को 10 रूपये के हलफनामे पर आईडी संख्या और साक्ष्य सहित अपात्रों को सरकारी आवास दिए जाने की सिकायत की थी। उसकी भी जांच अवर अभियंता लघु सिंचाई महेश कुमार को सौंपी गई थी। इसमें भी अवर अभियंता गांव ने स्थलीय निरीक्षण न करके ग्राम प्रधान को अपने कार्यालय में बुलाकर अपात्रों को पात्र बनाते हुए झूठी रिपोर्ट लगाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया है। पीडिघ्त महिला ने मामले का शिकायती पत्र जिलाधिकारी को देकर अवर अभियंता के विरूद्घ कार्यवाही की मांग की है।

# जिला कारागार में मौलिक कर्तव्यों के अधिकार पर एक विशेष शिविर का किया गया आयोजन

सीतापुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप कुमार के निर्देशानुसार सुदेश कुमारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जिला कारागार में मौलिक कर्तव्यों के अधिकार पर एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया तथा जिला कारागार का निरीक्षण भी किया गया। डिप्टी जेलर विजय लक्ष्मी द्वारा कुल 10 महिला बन्दी तथा 20 पुरूष बन्दी से वार्ता करायी गयी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिला बन्दी शान्ती, नीलम, कुसुम, मीना व माया देवी से बात की गई। महिला बन्दी नीलम ने बताया कि वो 11 महीने से बन्द है और कारागार में टेलीफ ान के माध्यम से बात करायी जाती है। सभी महिला बन्दियों के पास स्वयं के अधिवक्ता हैं। इसी प्रकार सभी पुरूष बन्दियों के पास स्वयं के अधिवक्ता हैं।

उपस्थित डिप्टी जेलर को निर्देशित किया गया कि जिन बन्दियों के पास अधिवक्ता नहीं हैं। उनके प्रार्थना पत्र समय से कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करते रहें। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिला तथा पुरूष बन्दियों को मौलिक कर्तव्यों के अधिकार के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गयी तथा जागरूक किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा यह भी बताया गया कि सभी को शिक्षा के अधिकार हैं और सभी बच्चों के माता पिता का यह मौलिक कर्तव्य है कि वह अपने अपने बच्चों को शिक्षा का अधिकार प्रदान करायें। हम सभी को राष्ट्रध्वज व राष्ट्रगान का सम्मान करना चाहिए तथा पुरुष बन्दियों को बताया गया कि उन्हें सभी महिलाओं का सम्मान करना चाहिये।

## सर्पदंश से युवक की जान गई, परिजनों में मचा कोहराम

हरदोई। इलाके के एक गांव में छत पर सो रहे एक युवक को जहरीले सांप ने काट लिया। इलाज को ले जाते वक्त युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जिसकी जानकारी होते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। पाली थाना क्षेत्र के कैथे की मढैया गाँव निवासी अनिल का 18 वर्षीय पुत्र सचिन रात को अपने घर में छत पर सो रहा था, इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने उसको काट लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। जानकारी होने पर परिजन आनन–फानन में उसे इलाज के लिए पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद में इलाज के लिए ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।जवान बेटे की मौत की सूचना पाते ही परिजनों को मिलते ही कोहरा मच गया।

# सीडीओ ने ब्लॉक टड़ियावां का किया निरीक्षण

हरदोई।मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विकास खण्ड टड़ियावां का निरीक्षण किया गया तथा योजनाओं की समीक्षा एवं अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न प्राप्त होने पर सहायक विकास अधिकारी,पंचायत अरविन्द वर्मा का कार्य पूर्ण होने तक जहॉ एक ओर वेतन बाधित किया गया वहीं दूसरी ओर अभिलेखों का रख–रखाव ठीक पाये जाने पर सुनील दीक्षित वरिष्ठ सहायक को प्रशंसा पत्र दिया गया। कार्यों की स्थलीय गुणवत्ता का आकलन करने हेतु राज्य वित्त के दो कार्य एवं मनरेगाा के दो कार्यों का रेण्डम रूप से चयन कर सायंकाल तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी सन्ध्या रानी को दिये गये। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड परिसर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में बनाये गये स्तम्भ पर पुष्प अर्पित किए गए। निरीक्षण कार्यक्रम में सर्व प्रथम मुख्य विकास अधिकारी सर्वप्रथम ब्लाक के प्रशासनिक भवन, आवासीय परिसर एवं बैठक कक्ष का निरीक्षण किया गया। टड़ियावां ब्लाक परिसर में दूरसंचार विभाग, चकबन्दी विभाग,कृषि विभाग एवं बाल विकास परियोजना विभाग के कार्यालय स्थित हैं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा चकबन्दी कार्यालय, कृषि विभाग के कार्यालय एवं सीडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण किया गया तथा कर्मचारियों को कार्यालय की समुचित साफ–सफाई रखने के निर्देश दिये गये। ब्लाक परिसर में बने सभागार के सौन्दर्यीरण एवं डायस बनाने के निर्देश खण्ड विकास अधिकरी को दिये गये।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्थापना पटल के विभिन्न अभिलेख यथा उपस्थित पंजिका, गार्ड फाइल, स्थापना गार्ड फाइल, सर्विस बुक, जीपीएफ पासबुक, रजिस्टर आफ रजिस्टर, रजिस्टर आफ फाइल, निरीक्षण पंजिका, मूवमेन्ट रजिस्टर, आदेश पंजिका का निरीक्षण किया गया तथा अभिलेख पूर्ण पाये जाने पर सुनील दीक्षित,वरिष्ठ सहायक को प्रशंसा प्रविष्टि दी गई। लेखा पटल से संबंधित ग्रान्ट रजिस्टर भाग–01,भाग–02,भाग–03 का निरीक्षण किया गया तथा विभिन्न मदों में अवषेष धनराषियों के नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिये गये।मनरेगा, आवास, ग्रामीण आजीविका मिशन एवं पंचायती राज विभाग,कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गयी तथा पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत सामुदायिक शौचालयों 68 के सापेक्ष 62 बने होने के उपरांत मात्र 32 को ही समूहों को रख'रखाव हेतु हस्तानान्तरित पाये जाने पर शत–प्रतिशत सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं समूहों को स्थानान्तरित किए जाने तक अरविन्द वर्मा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत का वेतन बाधित किया गया। निरीक्षण के समय श्रीमती सन्ध्या रानी, खण्ड विकास अधिकारी, टड़ियावां, एसपी सिह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रामज्ञान गुप्ता के नेतृत्व में हरदोई कटरा मार्ग बनवाने की मांग

हरदोई।समाजवादी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के पूर्व जिलाध्यक्ष रामज्ञान गुप्ता के नेतृत्व में हरदोई कटरा बिल्हौर हाईवे से रसूलापुर, भिठाई, काजीपुर फरहत नगर संपर्क मार्ग बनने के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया।

सपा यूथ ब्रिगेड के पूर्व जिलाध्यक्ष रामज्ञान गुप्ता ने बताया कि हरदोई कटरा हाईवे मार्ग से जुड़े रसूलापुर गांव से होकर गुजरने वाले विकासखंड – माधौगंज की ग्राम सभा भिठाई काजीपुर संपर्क मार्ग में बारिश के कारण पानी का जलभराव हो जाने से राहगीरों की मुसीबत अत्यधिक बढ़ गई है। जिससे लोगों को आवागमन मे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऊंचागांव, मोहदीनपुर,नई बस्ती, काजीपुर,फरहत नगर, भिठाई ,रसूलापुर आदि ग्राम वासियों मे जर्जर गड्ढायुक्त,बदहाल मार्ग को लेकर काफी रोष व्याप्त है। बरसात के मौसम में पैदल निकलने वाले राहगीरों का आवागमन बिल्कुल बंद हो गया है। वहीं साइकिले, कारें, ट्रैक्टर आदि वाहनों के चालकों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ती है। रास्ते से होकर गुजरने वाले कई मोटरसाइकिल सवार गिरकर चोटहिल भी हो चुके हैं। उक्त संपर्क मार्ग से प्रतिदिन हजारों की संख्या में राहगीरों का आवागमन होता है। जिलाधिकारी से मांग की आम जनमानस की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए हरदोई कटरा हाईवे से संपर्क मार्ग काजीपुर फरहतनगर नगर तक बनाने की मांग की।

इस मौके पर यूथ ब्रिगेड के पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुजीब मलिक,प्रधान अशोक कुमार, मोहम्मद नाजिम,राकेश कुमार , शहिद,कमलेश, इस्लाम, विजय कुमार,राहुल वर्मा, मोहम्मद यासीन, राधेलाल,रोहित,राशिद आदि लोग मौजूद रहे।

## जिला महिला कांग्रेस वी ओबीसी अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा गद्दी छोड़ो पद यात्रा एवं ज्ञापन कार्यक्रम

हरदोई।जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता देवी और शिवा पाल जिला अध्यक्ष ओबीसी के नेतृत्व में भाजपा गद्दी छोड़ो के तहत पद यात्रा निकाली गई। इस पद यात्रा में विनीत वर्मा जिला अध्यक्ष एससी एसटी, आफताब हैदर जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक, डॉ राजीव सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष, अमीर अहमद सिद्दीकी प्रदेश सचिव, ओबीसी रियाज अहमद शहर अध्यक्ष ओबीसी, भुटटो मियां एडवोकेट जिला महासचिव मीडिया प्रभारी, ओमेंद्र वर्मा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, रतन मोहन सिंह, प्रदेश सचिव युवा देवेंद्र विक्रम सिंह, प्रदेश सचिव किसान आशुतोष गुप्ता, विशाल नंदवंशी अध्यक्ष आउटरीच, शिव कुमार वर्मा जिला महासचिव, शाहाबाद विधानसभा श्रीपाल वर्मा एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष सीएसटी हाजी अफजाल अंसारी, रीता वर्मा, अनीता वर्मा, जिला सचिव महिला कांग्रेस, मुख्तार अहमद, शाहनवाज आलम आदि उपस्थित रहे।

## मारुती वैन में लगी आग, जलकर हुई खाक

तम्बौर (सीतापुर)। तंबौर थाना इलाके से अपने गाँव मारूती वैन से जा रहा था। कि अचानक आग लग जाने से मारूती वैन जलकर खाक हो गयी। अनुमान है कि शार्ट सर्किट से लगी आग के कारण यह हादसा हुआ। मंगलवार को गाड़ी नं. यूपी 34–7823 वैन से सुनील कुमार वर्मा निवासी मंगलपुरवा का चालक खेलावन अकेला तंबौर सामान लेने आया था। दोपहर में समान खरीदकर तम्बौर से मंगलपुरवा अपने गाँव जा रहा था तभी तंबौर लहरपुर मार्ग पर डालेसिंह पुरवा के पास उसे गाड़ी में कुछ जलने जैसा लगा चालक आनन फानन गाड़ी किनारे लगाकर उतर गया। उसके उतरते ही गाड़ी धू–धूकर जलने लगी। गाड़ी जलती देख पास की दुकानों पर बैठे लोग दौड़ पड़े और उसको बुझाने का प्रयाश करने लगे। आग इतनी तेज थी कि कुछ दूर पर कन्हाई निवासी सुल्तानापुर का आयशर ट्रैक्टर का पिछला पहिया जलकर खाक हो गया। लोग जब तक आग बुझा पाते वैन जलकर खाक हो गयी।

# महापुरूषों के मूर्ति स्थलों की उपेक्षा से परिषद में नाराजगी

फतेहपुर। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के पदाधिकारियों ने महापुरूषों के मूर्ति स्थलों की नगर पालिका परिषद द्वारा उपेक्षा किए जाने पर नाराजगी का इजहार करते हुए जिलाधिकारी को सम्बोधित चार सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपकर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की। गुरूवार को परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपकर बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा महापुरूषों के मूर्ति स्थलों के आस–पास कूड़ा एकत्र किया जाता है। जो सही नहीं है। इससे परिषद के पदाधिकारियों में बेहद नाराजगी है। बताया कि राधानगर स्थित राम औतार गुप्त की मूर्ति स्थल पर पालिका सदैव कूड़ा डम्प कर रहा है। जिससे महापुरूष की गरिमा में ठेंस पहुंचती है। समाज में महापुरूषों के प्रति अच्छा संदेश नहीं जाता। बताया कि जेल तिराहा पर महाराजा अग्रसेन की मूर्ति स्थापित है। उसकी चहार दीवारी क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे मूर्ति स्थल अपनी सुन्दरता को खोता जा रहा है। बताया कि झण्डा गीत रचयिता पदम्श्री श्याम लाल गुप्त पार्षद जी के मूर्ति स्थल का सौन्दर्यीकरण पालिका द्वारा कराया जा रहा है। पार्षद जी का जन्म नौ सितम्बर को है। पालिका मूर्ति स्थल का कार्य नौ सितम्बर के पूर्व पूर्ण कर ले जिससे कार्यक्रम समाज द्वारा मूर्ति स्थल हो सके। बताया कि पन्द्रह अग्रस्त की पूर्व संध्या पर सभी महापुरूषों की मूर्ति स्थलों की साफ–सफाई व विद्युत की कुमकुम झालरों से सजावट की जाए जिससे नई पीढ़ी अपने महापुरूषों के प्रति जागरूक हो। मांग की गई की जनहित में उचित कार्रवाई की जाए। इस मौके पर विनोद कुमार गुप्त, राधेश्याम हयारण, विनय गुप्त, आशीष अग्रहरि, शैलेन्द्र शरन सिम्पल, नरेन्द्र गुप्त, अमित शरन बाबी, अरूण जायसवाल, रामस्वरूप गुप्त, वेद प्रकाश गुप्त, मनोज सोनी, सजीव गुप्त, विनय शरन भी मौजूद रहे।

## पर्वों पर मिष्ठान की दुकानें खोले जाने की मांग

फतेहपुर। आगामी पन्द्रह अगस्त व बाइस अगस्त को होने वाले रक्षाबंधन पर्व पर रविवार के दिन मिष्ठान की दुकान खोले जाने की मांग को लेकर गुरूवार को जिला उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन अपर उपजिलाधिकारी को सौंपा। व्यापार मण्डल के पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां डीएम को सम्बोधित ज्ञापन अपर उपजिलाधिकारी को सौंपकर बताया कि पन्द्रह अगस्त को स्वतंत्रता दिवस व बाइस अगस्त को रक्षाबंधन का पावन पर्व है। संयोग से दोनों दिन रविवार पड़ रहा है। उक्त दिवस पर प्रदेश में लाकडाउन रहता है। इस कारण से जनपद की समस्त मिष्ठान दुकाने खोले जाने हेतु अनुमति प्रदान किया जाना बेहद जरूरी है। जिससे जनपदवासी त्योहार मना सकें। बताया कि विगत दिनों पालिका ने व्यापार मण्डल कार्यालय हेतु भूमि आवंटन का प्रस्ताव शासन को भेजा था परन्तु अब तक उक्त भूमि पर कब्जा व्यापार मण्डल को प्रदान नहीं किया गया है। बताया कि बस व ट्रक के व्यापारियों को वर्ष 2015 प्रधानी चुनाव, 2017 में विधानसभा चुनाव, वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव तथा 2021 में ग्राम पंचायत चुनाव में उपयोग किए गए वाहनों का किराया शासन से प्राप्त नहीं हुआ है। मांग किया कि सभी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए। इस मौके पर इमरान खान, फरहत अली सिद्दीकी, आरिफ, धीरेन्द्र सिंह, विवेक श्रीवास्तव, मुन्ना सिंह सेंगर, राम कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे।

## वित्त एवं लेखाधिकारी का घेराव कर शिक्षकों ने सौंपा मांग पत्र

फतेहपुर। विभिन्न मांगों को लेकर गुरूवार उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने वित्त एवं लेखाधिकारी का घेराव किया। मांगों का एक पत्र सौंपते हुए सभी समस्याओं का शीघ्र निराकरण किए जाने की मांग की। वित्त एवं लेखाधिकारी ने एक मांग का त्वरित निस्तारण करके शेष मांगों को तीन दिन के अंदर पूरा किए जाने का आश्वासन दिया। संघ के जिलाध्यक्ष आलोक शुक्ला, जिला मंत्री पुष्पराज सिंह एवं कोषाध्यक्ष छोटेलाल साहनी के नेतृत्व में शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के वित्त एवं लेखाधिकारी का घेराव किया। तत्पश्चात मांग पत्र देते हुए नवनियुक्त दस शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेखों के सत्यापनोपरान्त अवशेष वेतन का भुगतान कराए जाने, पन्द्रह शिक्षकों का चयन वेतनमान, दो शिक्षकों का प्रोन्नत वेतनमान, एक प्रवक्ता का वेतनमान निर्धारण किए जाने, सात कर्मचारियों के एसीपी निर्धारण तथा एनपीएस से आच्छादित कर्मचारियों के खाता संख्या में नियुक्ति तिथि से राज्यांश प्रदर्शित किए जाने तथा नियुक्ति तिथि से नियोक्ता अंश की वसूली कराए जाने की मांग की गई। वित्त एवं लेखाधिकारी ने शिवभवन, बीरबल एवं अर्पित शर्मा के चयन वेतनमान की पत्रावली एवं कर्मचारियों की एसीपी निर्धारण की पत्रावलियों का त्वरित निस्तारण कर दिया। शेष प्रकरणों में तीन दिन के अंदर निस्तारण किए जाने का आश्वासन दिया। बताया कि एनपीएस नियमित कटौती की राज्यांश में नियोक्ता अंश की धनराशि माह अप्रैल 2016 से माह दिसम्बर 2020 तक प्रान खातों में प्रदर्शित कराई जा चुकी है। वार्ता के दौरान पूर्णेन्दु मिश्रा, मो0 फारूक, अर्पित शर्मा, विनोद कुमार, वरूण कुमार भारती, सौरभ चन्द्र श्रीवास्तव, सैय्यद मोहम्मद अहमद, शारिक अनवर भी मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी प्रकाशन एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतीनगर निकट हीरो एजेन्सी, मधुकरपुर, जिला–सिद्धार्थनगर–272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं0– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व0 श्री के.सी. शर्मा | प्रधान सम्पादकः– राजेश शर्मा
8795951917, 9453824459
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय ही मान्य होगा
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# सोनाली कुलकर्णी की तमाशा लाइव का पोस्टर प्लेनेट मराठी ओटीटी पर लॉन्च



सोनाली कुलकर्णी अभिनीत फिल्म तमाशा लाइव का पोस्टर प्लेनेट मराठी ओटीटी पर जारी कर दिया गया है। प्लेनेट मराठी और गोल्डन रेशियो फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म तमाशा लाइव का पोस्टर जारी किया है। संजय जाधव द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सोनाली मुख्य भूमिका में हैं।

इस बारे में बात करते हुए सोनाली ने कहा, तमाशा लाइव मराठी फिल्मों को अपनी भव्यता के साथ फिर से परिभाषित करेगी। फिल्म में हर विवरण को क्राफ्ट करने पर सबसे अच्छा काम किया गया है और फिल्म रिलीज होने के बाद दर्शक निश्चित रूप से हमारे प्रयास को देखेंगे। प्लेनेट मराठी एक पावरहाउस है मराठी सामग्री का और मैं उनकी फिल्म का हिस्सा बनकर खुश हूं। एक संगीतमय फिल्म, जो पहले कभी नहीं देखी गई है, निश्चित रूप से हमारे दर्शकों के दिलों–दिमाग पर छा जाएगी।

फिल्म के पोस्टर में सोनाली का एक जीवंत स्केच दिखता है और यह इसमें दिखाई दे रहे सोनाली के गंभीर भाव जिज्ञासा की ओर इशारा करते हैं।

तमाशा लाइव पहली मराठी फिल्म है, जो संगीतमय होगी। हर चार्ट में शीर्ष पर रहने वाले 30 दिल को छू लेने वाले गानों के साथ रोमांचक कहानी में ग्लैमर का तड़का भी होगा। गीत क्षितिज पटवर्धन के हैं और संगीत अमितराज और पंकज पदघन ने दिया है।

निर्देशक संजय जाधव ने तमाशा लाइव को अपनी तरह की अनूठी फिल्म बताया।

उन्होंने कहा, वास्तव में इससे पहले कभी भी किसी मराठी प्रोड्यूसर या निर्देशक ने 30 से अधिक शक्तिशाली ट्रैक के साथ इतनी बड़ी संगीतमय फिल्म का मंचन नहीं किया है। प्लेनेट मराठी और मेरी ग्रेट फ्रेंड सोनाली कुलकर्णी और फेमिली के साथ काम करना आश्चर्यजनक है। यह मेरे और सोनाली के लिए यह पहली बार है! इसलिए यह फिल्म मुझे बहुत उत्साह और आनंद देती है।

कोरियोग्राफी उमेश जाधव ने की है। फिल्म मनीष कदम द्वारा लिखी गई है और संवाद अरविंद जगताप द्वारा लिखे गए हैं। तमाशा लाइव का स्क्रीनप्ले भी निर्देशक संजय जाधव ने ही किया है। ब्लॉकबस्टर वेब–सीरीज अनुराधा की शूटिंग पूरी करने के बाद जाधव और प्लेनेट मराठी इस प्रोजेक्ट के लिए फिर से जुड़ गए हैं। अक्षय बदार्पुरकर, अभयानंद सिंह और पीयूष सिंह फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। ये तिकड़ी पहले ही एक साथ हिट मराठी फिल्म एबी आनी सीडी दे चुकी है।

प्लेनेट मराठी के संस्थापक अक्षय बदार्पुरकर ने कहा, यह फिल्म सर्वश्रेष्ठ का मिलन है और सोनाली तथा संजय अपने–अपने क्षेत्र में रचनात्मक तौर पर सर्वश्रेष्ठ दिखाई देते हैं। संजय के साथ अनुराधा और सोनाली के साथ हकमारी में काम करने का हमारा अनुभव अद्भुत रहा है!

बदार्पुरकर ने कहा, तमाशा लाइव हमें एक बड़े मराठी संगीत पर काम करने का मौका देता है। प्लेनेट मराठी टीम में काफी उत्सुकता है और मुझे विश्वास है कि दर्शकों को फिल्म का जबरदस्त एंटरटेनर जरूर पसंद आएगा। गोल्डन फिल्म रेशियो के सह–संस्थापक पीयूष सिंह ने कहा कि यह फिल्म अपने आप में सामान्य फिल्मों से अलग है।

सिंह ने कहा, यह जानते हुए कि भारतीय लोग संगीत से कैसे गहराई से जुड़े हुए हैं, हमने सोचा कि दर्शक इसी का इंतजार कर रहे हैं। मनीष कदम, जो फिल्म के लेखक हैं, ने मुझसे पटकथा के साथ संपर्क किया था मैं पूरी तरह से आश्वस्त था कि एक मराठी फिल्म होने के नाते यह अवधारणा कितनी अनूठी है। संजय जाधव एक ऐसे रचनात्मक दिमाग वाले शख्स हैं, जो पटकथा को पर्दे पर ला सकते हैं और इसके साथ न्याय करने वाले वह एकमात्र व्यक्ति हैं और इस तरह हम उन्हें बोर्ड पर लेकर आए।

## सोशल मीडिया स्टार एंजल राय टू लव के बाद अब साउथ फिल्मों में दिखाई देंगी

सोशल मीडिया स्टार एंजल राय शॉर्ट फिल्म टू लव के बाद अब साउथ फिल्मों में दिखाई देगी। शॉर्ट फिल्म टू लव की शूटिंग



पूरी हो चुकी है। एंजल ने कहा, टू लव एक ऐसी शार्ट फिल्म है, जिसमें सच्चे प्यार को परिभाषित करने की कोशिश की गई है। फिल्म में मेरा किरदार काफी चुनौतीपूर्ण है। इस फिल्म में एंजल राय के साथ सौरव सोनी दिखाई देंगे। स्ट्रिंग एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित की गई फिल्म के निर्देशक और डीओपी बितुल दास हैं। इसके लेखक अशोक बरोनिया और क्रिएटिव हेड रीता राय हैं। उन्होंने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है और साउथ सिनेमा में अपने डेब्यू के लिए भी तैयारी कर रही हूं। यह एक चुनौती है। एक सिंगर के रूप में अपनी यात्रा शुरू करने वाली एंजल राय ने अपने आकर्षक वीडियो से लाखों लोगों का दिल जीत लिया है। जी म्यूजिक के द्वारा एंजल के कई गाने रिलीज होकर हिट हुए हैं। उनका म्यूजिक वीडियो किन्ना सोना भी यूटयूब पर वायरल हो गया है। मधुर आवाज और अपने अलग स्टाइल की वजह से एंजल अपने प्रशंसकों के बीच एक स्टार के रूप में जानी जाती हैं।



## ऑनलाइन शॉपिंग करने से पहले इन 5 बातों को जरूर जान लें, ताकि बाद में पछताना न पड़े

ऑनलाइन शॉपिंग करते समय आप जो भी प्रोडक्ट मंगाने जा रहे हैं, उसके बारे में अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें और आश्वस्त हो कर ही मंगवाएं. कई बार फोटो को काफी आकर्षक दिखाकर कस्टमर को लुभाने का प्रयास किया जाता है. लेकिन वास्तविकता में प्रोडक्ट वैसा नहीं निकलता. इसलिए एक बार प्रोडक्ट के विवरण और रिव्यू अच्छे से देख लें.

जिस प्रोडक्ट को भी मंगवा रहे हैं, एक बार उसकी कीमत, गारंटी और वारंटी को दूसरी वेबसाइट पर भी जांच लें. इससे आपको उस प्रोडक्ट की सही कीमत का आइडिया लग जाएगा और आप ठगी का शिकार होने से बच जाएंगे.

जब भी आप प्रोडक्ट खरीदते हैं तो उसके अच्छे और बुरे दोनों तरह के रिव्यूज मिलते हैं. लेकिन आपको रिव्यूज देखते समय ये देखना है कि अच्छे रिव्यूज ज्यादा हैं, या बुरे. अगर अच्छे रिव्यूज ज्यादा हैं और कम से कम चार या साढ़े चार की रेटिंग मिली है, तो आप उस प्रोडक्ट को मंगवा सकते हैं. इसके अलावा सामान बेचने वाले विक्रेता की रेटिंग भी जरूर देखें.

डिस्काउंट दिखाकर आजकल कई छोटी वेबसाइट भी लोगों को लुभाने का प्रयास करती हैं, इसलिए सिर्फ डिस्काउंट देखकर शॉपिंग न करें. ऑनलाइन शॉपिंग में कई फ्रॉड के भी मामले आ चुके हैं. इसलिए हमेशा आधिकारिक वेबसाइट से ही शॉपिंग करें.

कोशिश करें कि सामान कैश ऑन डिलीवरी पर हो. इससे कई बार आप ठगी का शिकार होने से बच जाते हैं. इसके अलावा जब भी कोई प्रोडक्ट घर पर आ जाए तो उसे खोलने से पहले से लेकर खोलने के बाद तक का वीडियो बना लें. ताकि अगर प्रोडक्ट खराब हो तो उसे आसानी से बदला जा सके. किसी तरह की समस्या सामने न आए.

## वंदे मातरमः देशभक्ति, एक्शन और रोमांच से भर देगा टाइगर श्रॉफ का गाना



वंदे मातरम भारत का राष्ट्रीय गीत है। वंदे मातरम को गाकर हम देश के प्रति अपनी भावनाएं जाहिर करते हैं। हाल में स्वतंत्रता दिवस की थीम पर बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ अपना गाना वंदे मातरम लेकर आए हैं। यह म्यूजिक वीडियो स्वतंत्रता दिवस से कुछ दिन पहले 10 अगस्त को रिलीज हुआ है। इसमें टाइगर देश के प्रति अपनी देशभक्ति को उजागर करते हुए दिखे हैं। टाइगर ने वंदे मातरम को अपनी आवाज दी है।

टाइगर ने पहली बार किसी गाने को अपनी आवाज दी है। उनकी मधुर आवाज के साथ–साथ उनके डांस स्टेप दर्शकों को प्रभावित कर रहे हैं। उनका यह म्यूजिक वीडियो भारतीय रक्षा बलों को सच्ची श्रद्धांजलि देता है। पुराने दृश्यों के साथ कुछ नए दृश्यों को मिलाकर यह म्यूजिक वीडियो तैयार किया गया है। इसमें वायु सेना, नौसेना, स्वतंत्रता दिवस परेड और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमर जवान ज्योति को सलामी देने वाले पुराने फुटेज शामिल हैं।

इस गाने में जितनी टाइगर की गायिकी की तारीफ नहीं हो रही है, उसे कहीं अधिक उनके डांस मूव्स और स्टंट की वाहवाही हो रही है। उन्होंने अपने गजब के करतब के साथ गाने में जान फूंक दी है। इस गाने के साथ टाइगर ने लोगों में देशभक्ति की भावनाएं भरने की कोशिश की है। इसमें वह एक पेशेवर गायक की तरह गाते दिखे हैं। वह गाने के टोन को जरूरत के अनुसार ऊपर–नीचे करते पाए गए हैं।

कौशल किशोर के खूबसूरत लीरिक्स ने इस म्यूजिक वीडियो को खास बना दिया है। विशाल मिश्रा ने इसके म्यूजिक को कंपोज किया है। इसका म्यूजिक भी दर्शकों को आकर्षित कर रहा है। सोशल मीडिया पर भी गाने को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। प्रशंसकों के अलावा प्रसिद्ध गायिका आशा भोसले ने गाने में टाइगर की आवाज की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा, मैंने टाइगर का वंदे मातरम सुना। उन्होंने बिना लय खोए खूबसूरती से गाया है।

फैंस के लिए स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने के लिए यह परफेक्ट गाना हो सकता है। वंदे मातरम का निर्देशन रेमो डिसूजा ने किया है और जैकी भगनानी के जस्ट म्यूजिक द्वारा इसका निर्माण किया गया है। इस म्यूजिक वीडियो की खामी यही है कि यह तीन मिनट 53 सेकेंड लंबी है। कई बार ऐसा महसूस होता है कि गाने को जबरदस्ती खींचा गया है। इससे गाने की लय बाधित होती है।

## माइक्रोवेव की बदबू को दूर करने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

पिछले कुछ समय से माइक्रोवेव रसोई का एक अहम हिस्सा बन गया है क्योंकि इसकी मदद से खाना गर्म करने से लेकर चीजें बेक करने तक कई काम आसान हो जाते हैं। हालांकि, लगातार इस्तेमाल के बाद माइक्रोवेव से बदबू आने लगती है। अगर आपको इस परेशानी का सामना करना पड़ता है तो इसे दूर करने के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खों को अपना सकते हैं। आइए ऐसे ही कुछ घरेलू नुस्खे जानते हैं।

**बेकिंग सोडा का करें इस्तेमाल**

माइक्रोवेव की बदबू को दूर करने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए पहले एक कटोरी में एक चम्मच बेकिंग सोडा, दो चम्मच नींबू का रस और एक कप पानी अच्छे से मिलाएं। अब



इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में भरकर इसका छिड़काव माइक्रोवेव के अंदर करें। कुछ देर के बाद एक स्पंज से माइक्रोवेव को साफ करें। इससे माइक्रोवेव की बदबू हमेशा में लिए गायब हो जाएगी।

**सिरका आएगा काम**

सिरके की मदद से भी माइक्रोवेव की बदबू को दूर किया जा सकता है। इसके लिए पहले एक माइक्रोवेव सेफ कटोरी में दो से तीन चम्मच सिरका और एक कप पानी अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को माइक्रोवेव के अंदर रखकर ऑन करके कुछ देर के लिए छोड़ दें। इसके बाद माइकोवेव से कटोरी को निकाल दें। सिरका और पानी की भाप बदबू को अपने अंदर सोख लेती है, जिसके कारण बदबू चंद मिनटों में गायब हो जाती है।

**नींबू से भी दूर होगी गंध**

माइक्रोवेव के लगातार इस्तेमाल के बाद उसमें से आने वाली बदबू को दूर करने के लिए नींबू का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए पहले एक नींबू काटें और आधा कप पानी में आधे नींबू का रस निचोड़ें। अब इसे एक माइक्रोवेव वाले कटोरे में डालकर माइक्रोवेव को चला दें। माइक्रोवेव का दरवाजा न खोलें और मिश्रण को कुछ मिनटों के लिए अंदर रहने दें। अंत में माइक्रोवेव को एक कपड़े से साफ करें।

**संतरे के छिलके भी हैं कारगर**

आमतौर पर लोग संतरे के छिलकों को फेंक देते हैं लेकिन आप चाहें तो उन्हें फेंकने की बजाय उनका इस्तेमाल करके माइक्रोवेव की बदबू को दूर कर सकते हैं।

इसके लिए बस संतरे के कुछ छिलकों को माइक्रोवेव पर अच्छे से रगड़ें और फिर थोड़ी देर ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद एक स्पंज से माइक्रोवेव को पोंछकर साफ कर लें। ऐसा करने से माइक्रोवेव की बदबू दूर हो जाएगी और वह चमकने भी लगेगा।

